https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

Scan to Subscribe

वर्ष: 4 । अंक: 242 | जयपुर, सोमवार, 11 अगस्त, 2025 । भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-द्वितीया, विसं 2082 | पृष्ठ: 10 । मूल्य: 3.00

### आमजन का सांस लेना हुआ आसान... कोटा, जयपुर, अलवर, जोधपुर, उदयपुर में भी पीएम10 सांद्रता में कमी

# देशभर की आबोहवा हुई साफ... 103 शहरों में घटी प्रदूषण की धुंध

मंडे मेगा स्टोरी

सच बेधड़क एक्सक्लूसिव

पंकज सोनी | बेधड़क

**जयपुर।** शहरों में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच राहत की खबर आई है। वर्ष 2017-18 की तुलना में 2024-25 में देश के 103 शहरों में पीएम10 सांद्रता में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। केन्द्र सरकार के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, वाराणसी और धनबाद में क्रमशः 68 और 56 फीसदी की कमी आई है। वहीं प्रमुख महानगरों में भी साफ हवा के संकेत मिले हैं। मुंबई में 44%, कोलकाता में 37%, दिल्ली में 15% और चेन्नई में 12% की गिरावट दर्ज हुई है। आंकड़ों के अनुसार, 64 शहरों में पीएम10 स्तर में 20% से अधिक की कमी आई है, जिनमें से 25 शहरों में 40% से ज्यादा का सुधार हुआ है। 22 शहर ऐसे हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता मानक को हासिल किया है, यानी यहां पीएम10 सांद्रता 60 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर से कम है। हालांकि, झारखंड के कोयला खनन क्षेत्रों में प्रदूषण को लेकर चिंताएं अब भी बनी हुई हैं। केन्द्र सरकार का दावा है कि एनसीएपी के तहत 130 शहरों में प्रदूषण घटाने के प्रयासों का असर साफ दिखाई दे रहा है।



### प्रदेश के पांच शहरों में भी सुधार

राजस्थान के पांच शहरों में भी पीएम10 स्तर में कमी आई है। जोधपुर में सर्वाधिक 35.4% की गिरावट दर्ज हुई, अलवर में 30.9%, जयपुर में 17.4%, कोटा में 17.3% और उदयपुर में 4.7% का सुधार हुआ है।

### वाराणसी, फिरोजाबाद, बरेली, देहरादून जैसे आठ शहरों में 50% से ज्यादा का सुधार



### पराली जलाने के मामलों में कमी

आंकड़े बताते हैं कि पंजाब में 2022 में पराली जलाने की 48,489 घटनाओं की तुलना में 2024 में केवल 9,655 मामले सामने आए। हरियाणा में यह संख्या 3,380 से घटकर 1,118 रह गई। हालांकि, उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में स्थिति उलट है यहां 2022 के 72 मामलों के मुकाबले 2024 में 15 सितंबर से 18 नवंबर के बीच पराली जलाने की 192 घटनाएं दर्ज हुईं।

### क्या है पीएम10

पीएम10 का अर्थ है हवा में मौजूद 10 माइक्रोमीटर या उससे छोटे व्यास वाले कण। ये कण सांस के साथ फेफड़ों में गहराई तक जा सकते हैं और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। एनसीएपी के तहत हुए अध्ययनों में पाया गया कि सड़क और निर्माण/विध्वंस गतिविधियों से निकलने वाली धूल पीएम10 का प्रमुख स्रोत है, जो कई शहरों में प्रदूषण में 40-50% तक योगदान देती है। इसे कम करने के लिए शहरों ने सड़क सुधार, यातायात भीड़ कम करने, जंक्शन सुधार और खुले क्षेत्रों को हरा-भरा बनाने जैसे उपाय प्राथमिकता से अपनाए हैं।

### चार बड़े महानगरों में सुधार

| | |
|---|---|
| मुंबई | 44% कमी |
| कोलकाता | 37% कमी |
| दिल्ली | 15% कमी |
| चेन्नई | 12% कमी |

### प्रदेश के 5 शहरों पर नजर

| | |
|---|---|
| जोधपुर | 35.4% कमी |
| अलवर | 30.9% कमी |
| जयपुर | 17.4% कमी |
| कोटा | 17.3% कमी |
| उदयपुर | 4.7% कमी |

### पराली जलाने में बदलाव

- **पंजाब:** 48,489 (2022) से घटकर 9,655 (2024) घटनाएं
- **हरियाणा:** 3,380 से घटकर 1,118 घटनाएं

## जरूरी खबर

### मथुरा में 16 और नन्दगांव में 17 अगस्त को जन्माष्टमी



**मथुरा (उप्र)।** मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर व वृन्दावन के ठा. बांकेबिहारी मंदिर सहित सभी प्रमुख मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव (जन्माष्टमी) इस वर्ष 16 अगस्त की मध्य रात्रि को तथा नन्दगांव में 17 अगस्त की रात्रि में मनाया जाएगा। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि इसके लिए सभी मंदिरों सहित जिला प्रशासन स्तर पर भी व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। जिलाधिकारी (डीएम) चंद्रप्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष जन्माष्टमी के अवसर पर 42 लाख श्रद्धालु मथुरा पहुंचे थे, लेकिन इस वर्ष अनुमान है कि यह आंकड़ा 50 लाख के भी पार जा सकता है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 95711 98777
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

### पीएम का ट्रंप को 'मृत अर्थव्यवस्था' कहने पर जवाब

# भारत तीसरी इकोनॉमी बनने की ओर: मोदी




*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेंगलुरु में मेट्रो फेज-3 परियोजना के शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए। साथ ही पीएम मोदी नम्मा मेट्रो की येलो लाइन के उद्घाटन के बाद आमजन से बातचीत करते हुए।*

एजेंसी | बेंगलुरु

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है और यह गति 'सुधार, प्रदर्शन एवं परिवर्तन' की भावना से हासिल की गई है। मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था विश्व स्तर पर 10वें स्थान से बढ़कर शीर्ष पांच में पहुंच गई है और तेजी से शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था पर निशाना साधे जाने के कुछ दिन बाद आई है। बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में मेट्रो रेल सेवाएं सिर्फ पांच शहरों तक ही सीमित थीं। उन्होंने कहा कि आज, मेट्रो रेल नेटवर्क 24 शहरों में 1,000 किलोमीटर से अधिक तक फैला हुआ है, जिससे भारत विश्व स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बन गया है।

### बेंगलुरु को बताया नए भारत के उदय का प्रतीक

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार का फोकस आधुनिक और मजबूत बुनियादी ढांचा बनाने पर है। उन्होंने कहा, 21वीं सदी में शहरी नियोजन और ढांचे का महत्व बहुत बढ़ गया है। हमें बेंगलुरु जैसे शहरों को भविष्य के लिए तैयार करना होगा। शहर की ऐतिहासिक धरोहर की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बेंगलुरु ने हमेशा अपने संस्थापक केम्पे गौड़ा की विरासत को बनाए रखा है और यह शहर आध्यात्मिक ज्ञान और तकनीकी नवाचार का अद्भुत संगम है। मोदी ने बेंगलुरु को नए भारत के उदय का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह शहर न केवल भारत की तकनीकी प्रगति का केंद्र है, बल्कि देश के आत्मनिर्भर और सक्षम भविष्य का भी प्रतीक है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' में चमकी 'मेक इन इंडिया' की ताकत

पीएम मोदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता भारतीय प्रौद्योगिकी और 'मेक इन इंडिया' की शक्ति का प्रमाण है, जिसने कुछ ही घंटों में पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। मेट्रो फेज-3 परियोजना के शिलान्यास समारोह में संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया ने पहली बार 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत का नया चेहरा देखा, जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान के भीतर आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाकर उन्हें नष्ट किया और निर्णायक क्षमता का प्रदर्शन किया। उन्होंने स्पष्ट किया, इस सफलता के पीछे हमारी स्वदेशी तकनीक और 'मेक इन इंडिया' की ताकत है। मोदी ने बताया कि इस अभियान में बेंगलुरु और यहां के युवाओं की अहम भूमिका रही। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु की पहचान अब वैश्विक स्तर पर हो चुकी है और भारत को केवल प्रतिस्पर्धा ही नहीं, बल्कि नेतृत्व भी करना है।

### मुख्यमंत्री का पेंशनर्स के लिए बड़ा फैसला

# RGHS में ओपीडी की राशि बढ़ाने का रास्ता हुआ आसान

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पेंशनर्स को राहत देने के लिए राजस्थान राज्य पेंशनर्स चिकित्सा रियायती योजना-2021 (RGHS) में अहम बदलाव किया है। अब पेंशनर्स को ओपीडी दवाइयों और जांचों के लिए तय वार्षिक सीमा में शिथिलता पाने के लिए ज्यादा जटिल प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा। अब तक पेंशनर्स को ओपीडी दवाइयों के लिए सालाना 50 हजार रुपए और जांचों के लिए 5 हजार रुपए की सीमा में ही इलाज कराना होता था, लेकिन अब इस सीमा को बढ़ाने का अधिकार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग और उसके अधीन राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी (RSHA) को दे दिया गया है।

### यह होगी नई व्यवस्था

- ओपीडी दवाइयों के लिए निर्धारित सीमा में 2 लाख रुपए तक की सीमा बढ़ाने के लिए RSHA के अतिरिक्त सीईओ या संयुक्त सीईओ अधिकृत होंगे।
- 2 लाख से 7 लाख रुपए तक की सीमा बढ़ाने के लिए RSHA के सीईओ को अधिकार मिलेगा।
- 7 लाख रुपए से अधिक की सीमा के मामलों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग फैसला करेगा।
- चिकित्सा जांचों की सीमा (5 हजार रुपए) बढ़ाने का अधिकार भी अब RSHA के सीईओ को दे दिया गया है। पहले यह सभी अधिकार वित्त विभाग के पास थे, जिन्हें अब चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया गया है। इससे प्रक्रिया तेज और सरल होगी।
- अब पेंशनर्स को सीमा में शिथिलता पाने के लिए RGHS पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस फैसले से पेंशनर्स को चिकित्सा सुविधाएं अधिक सहज रूप में मिल सकेंगी।



### फर्जी दस्तावेजों से बने 72 थर्ड ग्रेड टीचर, FIR दर्ज

**जयपुर।** फर्जी दस्तावेजों के जरिए नौकरी पाने के आरोप में 72 तृतीय श्रेणी शिक्षकों के खिलाफ एसओजी ने FIR दर्ज की है। प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर की जांच में 2019 से 2024 के बीच हुई भर्तियों में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। आरोपियों ने रीट प्रमाण पत्र, फोटो और हस्ताक्षरों में हेरफेर कर कक्षा 1 से 8 तक पढ़ाने की नियुक्तियां लीं।

पेज 3 भी देखें

## RSS प्रमुख भागवत कल सीकर में

बेधड़क | जयपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत 12 अगस्त को सीकर जिले के रेवासा में एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। यह कार्यक्रम राघवाचार्य वेदांती महाराज की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित होगा। क्षेत्रीय संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर ब्रह्मलीन रेवासा पीठाधीश्वर स्वामी राघवाचार्य वेदांती महाराज की प्रतिमा का अनावरण और स्थानीय नवनिर्मित गुरुकुल का उद्घाटन डॉ. भागवत करेंगे। उनके आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और स्वयंसेवकों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।



### 'ऑपरेशन सिंदूर' शतरंज की बाजी जैसा था, अगली चाल का अंदाजा नहीं था

# अगला युद्ध जल्द हो सकता है: थल सेना प्रमुख द्विवेदी

एजेंसी | चेन्नई

थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' किसी भी पारंपरिक सैन्य अभियान से अलग था और यह शतरंज की बाजी जैसा था, जिसमें यह अंदाजा नहीं था कि दुश्मन की अगली चाल क्या होगी। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष चार दिन में थमा, लेकिन यह लंबा भी चल सकता था। अगला युद्ध जल्द हो सकता है। मद्रास स्थित आईआईटी में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यह अभियान 'ग्रे जोन' में संचालित हुआ, जहां कार्रवाई पारंपरिक युद्ध से अलग थी। इसमें भारत ने पाकिस्तान के भीतर आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए और नौ में से सात ठिकाने नष्ट कर दिए गए। पहली बार आतंकवादियों की 'नर्सरी' और उनके संचालकों को निशाना बनाया गया, जिसकी पाकिस्तान को उम्मीद नहीं थी। द्विवेदी ने कहा कि इस ऑपरेशन में राजनीतिक स्पष्टता और सेना को पूरी छूट मिली, जिससे जमीनी कमांडरों को विवेकपूर्ण कार्रवाई करने में मदद मिली। उन्होंने चेताया कि भविष्य का खतरा और बड़ा हो सकता है, और संभव है कि दुश्मन किसी अन्य देश के समर्थन से काम करे। अगला युद्ध जल्द हो सकता है, जिसके लिए पूरे राष्ट्र को मिलकर तैयारी करनी होगी।




### दुनिया की सबसे दबंग और गतिशील अर्थव्यवस्था भारत: राजनाथ



रायसेन में बीईएमएल की रेल कोच इकाई का भूमिपूजन करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे 'दबंग और गतिशील' अर्थव्यवस्था है। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आयात शुल्क विवाद का जिक्र करते हुए कहा कि 'सबके बॉस हम हैं' का भाव कुछ देशों को रास नहीं आ रहा। 2014 में 11वें स्थान पर रहा भारत अब शीर्ष चार अर्थव्यवस्थाओं में पहुंच चुका है और 6.5% की रफ्तार से बढ़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का लक्ष्य केवल अपना नहीं, बल्कि पूरे विश्व का कल्याण है, लेकिन अगर कोई हमला करेगा तो मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। आतंकवाद पर कड़ी प्रतिक्रिया, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और 24,000 करोड़ रुपए से अधिक के रक्षा निर्यात को उन्होंने भारत की शक्ति के उदाहरण के रूप में पेश किया।

### मुनीर ने मिसाइल हमले की दी धमकी

पाकिस्तान के फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने भारत को सिंधु जल संधि स्थगित करने पर मिसाइलों से हमला कर तबाह करने की धमकी दी। मुनीर ने कहा कि सिंधु नदी भारत की निजी संपत्ति नहीं है।



उन्होंने चेतावनी दी कि पाकिस्तान एक परमाणु संपन्न राष्ट्र है और अगर डूबने की नौबत आई तो आधी दुनिया को साथ ले डूबेंगे।

## पुतिन-ट्रंप वार्ता से पहले रूस-यूक्रेन में तनातनी बरकरार

एजेंसी | कीव

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच अलास्का में प्रस्तावित शिखर वार्ता से पहले रूस और यूक्रेन अपनी-अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। पुतिन 24 फरवरी, 2022 से जारी युद्ध में रूस के क्षेत्रीय लाभ को सुरक्षित करने, यूक्रेन की नाटो सदस्यता रोकने और उसे पश्चिमी सेना की मेजबानी से दूर रखने पर जोर दे रहे हैं। उनका मानना है कि समय रूस के पक्ष में है, क्योंकि यूक्रेनी सेना हथियारों की कमी और लंबी मोर्चेबंदी से जूझ रही है। दूसरी ओर, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने ट्रंप के युद्धविराम प्रस्ताव पर सहमति जताई है, लेकिन नाटो सदस्यता की मांग और रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों को लौटाने की शर्त से पीछे हटने से इनकार कर दिया है।



## जरूरी खबर

### मालवीय नगर क्षेत्र में आज निकलेगी तिरंगा यात्रा

**बेधड़क, जयपुर।** मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा विधायक कालीचरण सराफ के नेतृत्व में सुबह 8 बजे पत्रिका गेट से शुरू होकर अमर जवान ज्योति पर समाप्त होगी। ब्रह्मा कुमार सैनी ने बताया कि तिरंगा यात्रा दोपहिया वाहनों के माध्यम से पत्रिका गेट से रवाना होकर जेएलएन मार्ग, गांधी सर्किल, यूनिवर्सिटी, बिरला मंदिर, रामबाग सर्किल, अंबेडकर सर्किल होते हुए अमर जवान ज्योति पहुंचेगी। यात्रा में सभी पार्षद, मंडल पदाधिकारी, सक्रिय कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष, प्रमुख समाज के लोग एवं स्थानीय नागरिक हिस्सा लेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को तिरंगे रंग का साफा बांधा जाएगा और मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया जाएगा।

### वन विभाग ने रेंजर रणवीर सिंह को किया एपीओ

**बेधड़क, जयपुर।** वन विभाग ने कुचामन सिटी रेंज में पदस्थापित रेंजर ग्रेड प्रथम रणवीर सिंह को एपीओ कर दिया है। डीएफसी को मिली शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। हॉफ पवन उपाध्याय ने एपीओ के आदेश जारी किए है।

### बस्सी में आज शुरू होगी पहली सेक्स सॉर्टेड सीमेन लैब

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान के पशुपालकों के लिए बड़ी सौगात लेकर आ रही है प्रदेश की पहली सेक्स सॉर्टेड सीमेन लैब सोमवार को बस्सी (जयपुर) में शुरू होगी। लैब का उद्घाटन समारोह 11 अगस्त को दोपहर 3 बजे जेएलएन मार्ग पर सरस संकुल सभागार में होगा। समारोह में एनडीडीबी चेयरमैन डॉ. मिनेश शाह, गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत, आरसीडीएफ की एडमिनिस्ट्रेटर व एमडी श्रुति भारद्वाज और अन्य गणमान्य उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के समृद्धि के संकल्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत विजन को समझकर यह आधुनिक लैब स्थापित की जा रही है। इसका संचालन राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन और नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड मिलकर करेंगे। लैब में हर साल 25 लाख से ज्यादा सेक्स सॉर्टेड सीमेन डोज तैयार होंगे, जो विदेश से मंगाए जाने वाले सीमेन की तुलना में 75 फीसदी तक सस्ते होंगे। इससे राजस्थान ही नहीं, अन्य राज्यों को भी सीमेन की आपूर्ति संभव हो सकेगी। इस अत्याधुनिक लैब में मुर्रा, हॉलस्टीन फ्रोजियन, गिर, साहीवाल, थारपारकर सहित कुल 7 नस्लों के सीमेन डोज तैयार होंगे। यह तकनीक बछिया पैदा होने की संभावना 90 प्रतिशत तक बढ़ाती है।

## अमेरिकी टैरिफ पर मदन राठौड़ का हमला: भारत अब झुकने वाला नहीं


# क्या रोहिंग्या व बांग्लादेशी तय करेंगे कि सरकार कौन बनाएगा?

- घुसपैठियों को हटाना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी: BJP प्रदेशाध्यक्ष
- कांग्रेस को दी सलाह, बोले- भाजपा से आगे निकलने का करें प्रयास

बेधड़क | जयपुर

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने रविवार को अपने पाली प्रवास के दौरान अमेरिकी टैरिफ, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्ष की भूमिका को लेकर बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि भारत अब आत्मनिर्भर है और अमेरिका की दबाव नीति से डरने वाला नहीं है। वहीं, कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष को जनता का विश्वास जीतना है तो जनसेवा में भाजपा से प्रतिस्पर्धा करे, न कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को बदनाम करने की कोशिश करे। राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर उठाए गए सवालों को लेकर राठौड़ ने कहा कि जहां कांग्रेस जीतती है, वहां आयोग को धन्यवाद और जहां हारती है, वहां उसी आयोग को कोसती है, राहुल गांधी की यही राजनीति है। राठौड़ ने कांग्रेस को सलाह दी कि सत्ता पाने के लिए उन्हें जनसेवा में भाजपा से आगे निकलने का प्रयास करना चाहिए। राहुल गांधी को हर बात देर से समझ आती है। आज वे एसआईआर को लेकर हंगामा कर रहे हैं। क्या अब रोहिंग्या और बांग्लादेशी तय करेंगे कि देश में सरकार कौन बनाएगा? उन्होंने यह भी कहा कि हर साल मतदाता सूची का पुनरीक्षण होता है और घुसपैठियों को हटाना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है।



### अमेरिकी जनता पर होगा टैरिफ का असर

राठौड़ ने अमेरिका की ओर से भारत पर 50% टैरिफ लगाए जाने को 'अमेरिकी नागरिकों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण' बताया। उन्होंने कहा कि भारत से आयात होने वाली सस्ती दवाइयों पर शुल्क लगाने का सीधा असर अमेरिकी जनता पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका वैश्विक प्रभुत्व बनाए रखने के लिए उभरते राष्ट्रों को दबाना चाहता है, लेकिन भारत अब झुकने वाला नहीं है। भारत के पास रूस और चीन जैसे वैकल्पिक बाजार मौजूद हैं और अब देश 'मेक इन इंडिया' के तहत ब्रह्मोस जैसे अत्याधुनिक हथियार खुद बना रहा है। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने भी परमाणु परीक्षण कर दुनिया को दिखा दिया था कि भारत किसी के दबाव में नहीं आता। वही आत्मविश्वास आज मोदी के नेतृत्व में भी नजर आता है।

### हम घर-घर तिरंगा लगाने के लिए चलाएंगे अभियान

राठौड़ ने बताया कि भाजपा पूरे प्रदेश में 'हर घर तिरंगा' अभियान को वृहद स्तर पर मनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ भाजपा का अभियान नहीं, पूरे देश का है। हमें राष्ट्रभक्ति में पक्ष-विपक्ष का भेद नहीं करना चाहिए। 15 अगस्त को हम हर बूथ में घर-घर तिरंगा लगाएंगे, हमारे कार्यकर्ता जुटे हुए हैं, तिरंगा यात्राएं भी निकाली जाएंगी। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि स्वतंत्रता दिवस को सिर्फ औपचारिकता न मानें, बल्कि इसे एक उत्सव की तरह मनाएं।

## 'वोट चोरी' के खिलाफ कांग्रेस की नई रणनीति

# जयपुर में राहुल के वीडियो का प्रेजेंटेशन, जिलों में होगा आज से

- सभी जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए जनता को किया जाएगा जागरूक

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश कांग्रेस ने एक अहम रणनीति बनाई है, जिसमें नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से 'वोट चोरी' के मुद्दे पर दिए गए प्रेजेंटेशन को पार्टी के सभी जिला कार्यालयों में दिखाने की योजना बनाई गई है। इसी कड़ी में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय, जयपुर में रविवार को इससे जुड़े वीडियो का प्रदर्शन किया गया, जिसमें कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं, प्रदेश कांग्रेस सेवा दल ने राज्यभर में तीन दिवसीय ट्रेनिंग कैंप लगाने का निर्णय लिया है। इसकी शुरुआत सोमवार से होगी। पीसीसी मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार राहुल गांधी की ओर से 'वोट चोरी' पर किए गए खुलासे का वीडियो सोमवार से सभी जिलों में जिला कांग्रेस कमेटियां प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आम जनता और कार्यकर्ताओं के सामने प्रस्तुत करेंगी।



प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में राहुल गांधी का वीडियो देखते पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### आमजन से समर्थन की अपील

वॉर रूम चेयरमैन जसवंत गुर्जर ने बताया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर आमजन से इस अभियान से जुड़ने की अपील की है। नेताओं ने कहा कि वोट चोरी लोकतंत्र के 'एक व्यक्ति, एक वोट' सिद्धांत पर सीधा हमला है। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से पारदर्शिता दिखाने और डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करने की मांग की है, ताकि जनता और राजनीतिक दल उसका स्वतंत्र ऑडिट कर सकें। उन्होंने नागरिकों से वेबसाइट पर जाकर या मिस्ड कॉल देकर इस मुहिम में शामिल होने का आग्रह किया। कांग्रेस इसे लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई बता रही है।

### सेवादल के प्रशिक्षण शिविर आज से, 20 हजार 'श्वेत सैनिक' होंगे तैयार

प्रदेश कांग्रेस सेवादल की ओर से कांग्रेस की विचारधारा, रीति-नीति और संगठन की संस्कृति से कार्यकर्ताओं को जोड़ने के उद्देश्य से सोमवार से प्रदेश के सभी जिलों में तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविरों की शुरुआत हो रही है। यह अभियान 11 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत कांग्रेस सेवादल करीब 20 हजार नए 'श्वेत सैनिक' तैयार करेगा। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह शिविर प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर होंगे, जिनमें राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक और कांग्रेस विचारधारा से जुड़े बुद्धिजीवी कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, संस्कृति, सेवादल की भूमिका और आजादी में इसके योगदान की जानकारी देंगे।



कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत।

#### हम प्रचारक नहीं, विचारक तैयार करेंगे

शेखावत ने कहा कि हम प्रचारक नहीं, विचारक तैयार करेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निशाना साधते हुए कहा कि आरएसएस प्रचारक बनाता है, जो अपने स्वार्थ के लिए काम करते हैं, लेकिन हम ऐसे विचारक तैयार करेंगे, जो गांव-गांव जाकर संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की अलख जगाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जैसे 1923 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने श्वेत सैनिकों को तिरंगा और राष्ट्र की रक्षा की जिम्मेदारी दी थी, उसी प्रकार अब कांग्रेस सेवादल के प्रशिक्षित कार्यकर्ता लोकतंत्र और संविधान की रक्षा में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। ये कार्यकर्ता राहुल गांधी की सोच और संघर्ष के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे।

## मुख्य सचिव ने किया भरतपुर जिले का दौरा

# पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित करने के दिए निर्देश



मुख्य सचिव सुधांश पंत अधिकारियों के साथ दौरा करते हुए।

बेधड़क | जयपुर

मुख्य सचिव सुधांश पंत रविवार को भरतपुर जिले के दौरे पर रहे और विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने केवलादेव नेशनल पार्क, लोहागढ़ किला और सीएफसीडी के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने आकस्मिक रूप से आरबीएम अस्पताल पहुंचकर सफाई व्यवस्था व मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का भी अवलोकन किया। पंत ने सुबह केवलादेव नेशनल पार्क पहुंचकर विकास कार्यों का निरीक्षण किया। गंभीर नदी से झीलों के भरने और जैव विविधता संरक्षण के प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने केवलादेव मंदिर में दर्शन कर पर्यावरण संरक्षण और देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की। अधिकारियों को पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने आरबीएम अस्पताल के नवनिर्मित ब्लॉक के शीघ्र उद्घाटन का आश्वासन दिया।

### लोहागढ़ किले के विकास कार्यों का लिया जायजा

उन्होंने सीएफसीडी के कार्यों की प्रगति देखी और बरसात के बाद कार्य को तेज करने के निर्देश दिए, ताकि शहर में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। मुख्य सचिव ने लोहागढ़ किले के विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। भरतपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त से काम की प्रगति और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। बिहारीजी परिक्रमा पथ, किले के पार्कों और ऐतिहासिक स्मारकों के जीर्णोद्धार पर गुणवत्ता और समयबद्धता का निर्देश दिया। उन्होंने ऐतिहासिक गंगा मंदिर में भी विकास कार्यों की समीक्षा की और शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए समय पर कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर कमर चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

# प्रवासी राजस्थानी स्कूल भवनों के जीर्णोद्धार में करें सहयोग: दिलावर

बेधड़क | जयपुर



शिक्षा मंत्री मदन दिलावर रविवार को मुंबई पहुंचे और महाराजा अग्रसेन भवन, घाटकोपर में आयोजित प्रवासी राजस्थानी शिक्षा सम्मेलन-2025 में शामिल हुए। मुंबई स्टेशन पर केसरीमल, मगनलाल कोठारी ने उनका स्वागत किया। सम्मेलन में दिलावर ने कहा कि राजस्थान के विद्यालयों में ढांचागत सुधार के लिए भामाशाहों का सहयोग आवश्यक है। सरकार ने 2000 सरकारी विद्यालयों में भवन मरम्मत के लिए 175 करोड़ रुपए जारी किए हैं, फिर भी प्रवासी राजस्थानियों की मदद जरूरी है। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से अपने क्षेत्र के स्कूल भवनों के निर्माण और जीर्णोद्धार में योगदान देने की अपील की। दिलावर ने बताया कि इसके लिए प्रवासी राजस्थानी शिक्षा समन्वय प्रकोष्ठ बनाया गया है, जो प्रवासी समुदाय को शिक्षा विभाग से जोड़ने के लिए सक्रिय है। सम्मेलन में प्रवासी राजस्थानियों ने विद्यालय निर्माण में सहयोग का आश्वासन दिया।

## राजस्थान में खनन हड़ताल का असर

# निर्माण लागत हुई दोगुनी, रोड़ी 1600 रुपए प्रति टन

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में चल रही खनन और स्टोन क्रेशर उद्यमियों की हड़ताल ने राज्य की निर्माण गतिविधियों को प्रभावित किया है। हड़ताल के दसवें दिन हालात और गंभीर हो गए हैं। निर्माण सामग्री की भारी किल्लत के चलते लागत में लगभग दोगुनी बढ़ोतरी हो गई है। अब तक 800 रुपए प्रति टन मिलने वाली रोड़ी के दाम बढ़कर 1400 से 1600 रुपए प्रति टन तक पहुंच गए हैं। इससे घर बनाने की योजना बना रहे आमजन को आर्थिक झटका लगा है। ठेकेदारों और बिल्डरों का कहना है कि इस स्थिति में निर्माण कार्य जारी रखना मुश्किल होता जा रहा है। हड़ताल के कारण न सिर्फ निजी आवासीय निर्माण प्रभावित हो रहा है, बल्कि सरकारी विकास कार्य भी ठप पड़े हैं। सीमेंट, सरिया, टाइल्स और मार्बल की मांग में गिरावट देखी जा रही है।

## बेधड़क TOON




-शेखर

## गहलोत के सुरक्षाकर्मी की गिरफ्तारी से सियासी बवाल

# राठौड़ बोले- 'यह रिश्ता क्या कहलाता है?'

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में अब सियासी घमासान मच गया है। इस प्रकरण में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सुरक्षाकर्मी और उसके बेटे की गिरफ्तारी के बाद भाजपा नेताओं ने जुबानी हमला बोला है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने इस मामले को युवाओं के साथ 'सबसे बड़ा विश्वासघात' बताया है। राठौड़ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि एसआई पेपर लीक मामला केवल एक भ्रष्ट व्यक्ति की करतूत नहीं है, बल्कि यह उस व्यक्ति का मामला है, जो वर्षों तक अशोक गहलोत के सबसे करीबी लोगों में से एक रहा। गहलोत का यह सुरक्षाकर्मी न केवल उनकी सुरक्षा से जुड़ा था, बल्कि उनके निजी जीवन की सूचनाओं तक भी उसकी सीधी पहुंच थी। राठौड़ ने कटाक्ष करते हुए कहा कि 'आखिरकार यह रिश्ता क्या कहलाता है?'



पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़।

### राजनीतिक हो या गैर-राजनीतिक, कोई नहीं बचेगा: पटेल

प्रदेश के कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने मीडिया से बात करते हुए स्पष्ट किया कि पेपर लीक प्रकरण में शामिल कोई भी व्यक्ति, चाहे वह राजनीतिक हो या गैर-राजनीतिक, बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि गहलोत के इतने करीबी व्यक्ति का इस घोटाले में पकड़ा जाना गंभीर चिंता का विषय है। पटेल ने यह भी कहा कि कानून निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करेगा और दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी। पटेल ने गहलोत से इस पूरे मामले पर सफाई देने की मांग की। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि फोन टैपिंग विवाद पर भी गहलोत ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया था, जबकि उनके तत्कालीन ओएसडी ने उन पर कई आरोप लगाए थे। इसके साथ ही पटेल ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि गहलोत ने अपने ही पार्टी प्रत्याशियों को हराने की साजिश रची, लेकिन उन्होंने इस पर भी कभी प्रतिक्रिया नहीं दी। उन्होंने कहा कि गहलोत सिर्फ सुर्खियों में बने रहने के लिए बयानबाजी करते हैं, जबकि उनके कार्यकाल के घोटाले एक-एक कर सामने आ रहे हैं। पटेल ने यह भी कहा कि परीक्षा रद्द करने और दोषियों की गिरफ्तारी दो अलग मुद्दे हैं। कुछ लोग परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे हैं ताकि असली दोषियों को बचाया जा सके, लेकिन सरकार की प्राथमिकता दोषियों की पहचान कर उन्हें सजा दिलाना है।



कानून मंत्री जोगाराम पटेल।

## क्रीड़ा भारती की 'खेल सृष्टि में भारतीय दृष्टि' विषय पर संगोष्ठी

# खिलाड़ियों को मिले बेहतर सुविधाएं

बेधड़क | जयपुर

क्रीड़ा भारती की ओर से 'खेल सृष्टि में भारतीय दृष्टि' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन रविवार को संविधान क्लब में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में क्रीड़ा भारती के प्रदेश संयोजक मेघसिंह चौहान ने बताया कि क्रीड़ा भारती खेल क्षेत्र की समस्याओं के समाधान और भारतीय विचार को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि आगामी सभी 100 संगोष्ठियां इसी विषय पर आधारित होंगी, जिनमें से 7 संगोष्ठियां राजस्थान के विभिन्न जिलों में होंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग, खेल, युवा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री केके विश्नोई ने कहा कि भारत ने खेलों के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और 'खेलो इंडिया' व 'खेलो राजस्थान' जैसी योजनाओं से खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिल रहे हैं।

क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल सैनी ने कहा कि केवल खिलाड़ी बनाना ही उद्देश्य नहीं होना चाहिए, बल्कि चरित्रवान और राष्ट्र प्रेमी खिलाड़ी तैयार करना आवश्यक है, जिससे समाज में राष्ट्रभक्ति की भावना का विकास हो सके। मुख्य वक्ता प्रफुल्ल केतकर ने कहा कि आज खेलों में पेशेवर और बाजारी दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है, जिससे भारतीय खेलों की मौलिकता समाप्त हो रही है।



फोटो: राजेश कुमावत

## जरूरी खबर

### जमीन सौदे में धोखाधड़ी का मामला, FIR दर्ज

**जयपुर।** जयपुर निवासी श्याम सोढानी के साथ गुवाहाटी (असम) के मनोज जैन (काला), संजय जैन (सीए), मनोज जैन (रारा) और जयपुर निवासी घनश्याम सोनी द्वारा जमीन के सौदे में धोखाधड़ी की गई। इस संबंध में श्याम सोढानी ने 12 जून को चित्रकूट थाना, जयपुर में शिकायत दर्ज करवाई थी, जिस पर 18 जुलाई को एफआईआर दर्ज की गई। आरोप है कि गुवाहाटी के चाबीपूल निवासी व्यापारी मनोज जैन (काला) ने श्याम सोढानी के साथ जमीन का सौदा किया और उससे सौदे की पेशगी प्राप्त की, लेकिन बाद में उसने अपने भाई संजय जैन के साथ मिलकर धोखाधड़ी की योजना बनाई। रजिस्ट्री प्रक्रिया को टालने के लिए बार-बार बहाने बनाए गए। बाद में रजिस्ट्री करवाने से साफ इनकार कर दिया।

### बालमुकुंदाचार्य के हस्तक्षेप के बाद धरना समाप्त



**जयपुर।** जयपुर के जयसिंहपुरा खोर थाना क्षेत्र में शनिवार को हुए सड़क हादसे में नगर निगम की कचरा गाड़ी (हूपर) की टक्कर से राम कल्याण सैनी (40) की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। राम कल्याण पत्नी को साथ लेकर अलवर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। रविवार को परिजनों और स्थानीय लोगों ने हटवाड़ा रोड पर धरना देते हुए पुलिस कार्रवाई और एक परिजन को सरकारी नौकरी देने की मांग की। धरने की सूचना पर हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने परिवार को संविदा नौकरी, डेयरी बूथ और सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का भरोसा दिया।

### मांगों को लेकर महिला वनकर्मियों का धरना आज

**जयपुर।** जयपुर के अरण्य भवन में सोमवार को प्रदेशभर की महिला वनकर्मी एकजुट होकर अपनी 13 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर धरना देंगी। अधीनस्थ वन कर्मचारी संघ की महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष शकुंतला शर्मा के आह्वान पर ये प्रदर्शन होगा। इस दौरान प्रधान मुख्य वन संरक्षक व वन बल प्रमुख को ज्ञापन सौंपा जाएगा। धरने में विभागीय समस्याओं, महिला कर्मचारियों की सुरक्षा, पदोन्नति और सेवा शर्तों पर चर्चा होगी। साथ ही अधीनस्थ वन कर्मचारी संघ के चुनाव को लेकर भी कोई अहम निर्णय लिया जा सकता है।


ज्योतिषाचार्यों ने जताई ग्रहण के असर से प्राकृतिक आपदाओं और राजनीतिक हलचल की आशंका

# साल का दूसरा पूर्ण चंद्रग्रहण 7 सितंबर को... भारत में दिखेगा

**बेधड़क** | जयपुर

इस साल का दूसरा पूर्ण चंद्रग्रहण 7 सितंबर को लगेगा। यह चंद्रग्रहण भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा, इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य होगा।

इस दिन भाद्रपद मास की शुक्ल पूर्णिमा होगी और इसी दिन से पितृ पक्ष की शुरुआत भी होगी। चंद्रग्रहण रात 9:57 बजे शुरू होकर रात 1:27 बजे समाप्त होगा। ग्रहण का मध्य समय रात 11:41 बजे रहेगा। चंद्रग्रहण की कुल अवधि 3 घंटे 30 मिनट की होगी। यह ग्रहण भारत सहित एशिया, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, अमेरिका और अन्य क्षेत्रों में भी देखा जा सकेगा। इस साल का पहला चंद्रग्रहण 14 मार्च को होली पर और पहला सूर्यग्रहण 29 मार्च को हुआ था, जो भारत में नहीं दिखाई दिए थे।



### मंदिरों में ग्रहण से पूर्व हो जाएगा शयन

ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि भारत में चंद्रग्रहण दिखाई देने के कारण इसका धार्मिक प्रभाव रहेगा और सूतक काल मान्य होगा। सूतक ग्रहण से ठीक 9 घंटे पहले शुरू हो जाता है, इस हिसाब से यह दोपहर 12:57 बजे शुरू होगा और रात 1:27 बजे ग्रहण समाप्ति के साथ समाप्त होगा। सूतक काल में मंदिरों के पट बंद हो जाते हैं और पूजा-पाठ, हवन, भोजन आदि वर्जित रहते हैं। हालांकि ग्रहण शुरू होने पर मंदिरों में शयन हो जाएगा, इसलिए श्रद्धालु घर पर ही हरिनाम जप करेंगे। इस दौरान धार्मिक ग्रंथों का पाठ, महामृत्युंजय मंत्र, दुर्गा सप्तशती और हनुमान चालीसा का पाठ करना शुभ माना जाता है। इस समय भोजन करना, बाल कटवाना, यात्रा करना, मूर्तियों को स्पर्श करना और नींद लेना वर्जित होता है। ज्योतिष के अनुसार, एक ही महीने में सूर्य और चंद्र दोनों ग्रहण होना विशेष योग माना जाता है, जिसका असर प्रकृति, राजनीति और जनजीवन पर व्यापक रूप से पड़ सकता है।

### आपदाएं, सीमाओं पर तनाव, अग्निकांड की आशंका

इस बार का चंद्रग्रहण कुंभ राशि और पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में लगेगा। चंद्रमा के साथ राहु और सप्तम भाव में सूर्य, केतु और बुध विराजमान होंगे। इस संयोजन का असर विशेष रूप से कुंभ राशि और पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में जन्मे व्यक्तियों पर पड़ेगा। उनके लिए यह समय सावधानीपूर्वक बिताने योग्य होगा। इसके अलावा मेष, कर्क, तुला और मकर राशि के लोगों पर भी ग्रहण का प्रभाव संभव है। ग्रहण के प्रभाव से प्राकृतिक आपदाएं, राजनीतिक अस्थिरता, सीमाओं पर तनाव, अग्निकांड, दुर्घटनाएं और शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। वहीं, रोजगार में वृद्धि, आय में बढ़ोतरी और देश की अर्थव्यवस्था के लिए यह समय शुभ रहेगा।

### ग्रहण के दिन होगा पूर्णिमा का श्राद्ध

चंद्रग्रहण के साथ-साथ 7 सितंबर से पितृ पक्ष की शुरुआत भी होगी, जो 21 सितंबर तक चलेगा। पूर्णिमा का श्राद्ध भी 7 सितंबर को ही किया जाएगा। पितृ पक्ष में पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण, श्राद्ध और दान-पुण्य किया जाता है। ग्रहण के कारण इस दिन का धार्मिक महत्व और अधिक बढ़ जाता है। इस महीने का दूसरा ग्रहण 21 सितंबर को सूर्यग्रहण के रूप में लगेगा और यह भारत में नहीं दिखाई देगा, इसलिए सूतक काल भी मान्य नहीं है। यह सूर्यग्रहण न्यूजीलैंड, फिजी, अंटार्कटिका और ऑस्ट्रेलिया के दक्षिणी हिस्सों में देखा जा सकेगा।

पांच साल की भर्तियों की जांच में खुला राज

# 'गुरुजी' निकले फर्जी, एसओजी ने 72 शिक्षकों पर दर्ज की FIR

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में फर्जी दस्तावेज और डमी कैंडिडेट के सहारे सरकारी नौकरी प्राप्त करने का बड़ा मामला सामने आया है। इस बार फर्जीवाड़े में पकड़े जाने वाले शिक्षक हैं और वह भी तृतीय श्रेणी के, जो प्रारंभिक कक्षाओं (कक्षा एक से आठ) के विद्यार्थियों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाते हैं।

प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर की जांच रिपोर्ट के आधार पर राज्य के विभिन्न जिलों में कार्यरत ऐसे ही 72 शिक्षकों के खिलाफ स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (SOG) में धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई राज्य सरकार के कार्मिक विभाग के निर्देशों के बाद हुई, जिसमें पिछले पांच वर्षों में हुई शिक्षक भर्तियों की व्यापक जांच में सामने आई गड़बड़ियों के आधार पर कार्रवाई की गई है। इसमें लेवल-वन और लेवल-टू, दोनों ही श्रेणी के शिक्षक शामिल हैं। दरअसल, राज्य सरकार ने गत वर्ष आदेश जारी कर सभी विभागों को निर्देशित किया था कि वे वर्ष 2019 से 2024 के बीच नियुक्त हुए कर्मचारियों की शैक्षणिक योग्यता, आवेदन पत्र, फोटो और हस्ताक्षरों का मिलान करते हुए सत्यापन करें। इस आदेश के तहत प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर ने संभाग स्तर पर चार सदस्यीय जांच समितियां गठित की थीं। इन समितियों ने बीकानेर, चूरू, जयपुर, अजमेर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, भरतपुर और पाली संभाग से प्राप्त जांच रिपोर्टों के आधार पर 72 कर्मचारियों की भर्ती में गंभीर अनियमितताएं पाईं। जांच में पाया गया कि एफआईआर में जिनके नाम शामिल हैं, उन्होंने फर्जी तरीके से तृतीय श्रेणी शिक्षक बनकर सरकारी नौकरी हासिल की है। प्रारंभिक जांच में इनके हस्ताक्षर, फोटो आदि का मिलान नहीं होना पाया गया और इनके REET तक के प्रमाण पत्र फर्जी माने गए हैं। हालांकि, मामले की आगे की जांच अब एसओजी करेगी, जिसके बाद ही स्पष्ट होगा कि किस 'गुरुजी' ने सरकारी नौकरी पाने के लिए क्या हथकंडा अपनाया है।




### डमी कैंडिडेट और नकली सर्टिफिकेट का इस्तेमाल

जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि कई उम्मीदवारों ने 2016, 2018 और 2021 की शिक्षक भर्ती परीक्षाओं में फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किए। कुछ मामलों में डमी कैंडिडेट को परीक्षा में बैठाया गया। जांच में फोटो, हस्ताक्षर और REET पात्रता प्रमाण पत्रों में विसंगतियां सामने आईं। उदाहरण के तौर पर देशराज (पाली), हिमांशु मित्तल (जालोर) और जितेंद्र सिंह (जालोर) के फोटो और हस्ताक्षर आवेदन पत्रों से मेल नहीं खाए। वहीं, कुछ मामलों में डिग्री और REET प्रमाण पत्र पूरी तरह संदिग्ध पाए गए।

### सबसे ज्यादा संदिग्ध मामले जालोर जिले से

जांच में खुलासा हुआ है कि सबसे ज्यादा संदिग्ध शिक्षक जालोर जिले से सामने आए हैं। इनमें लोकेश कुमार साउ (दूधा की बेरी, जालोर), रेखा मीणा (जीतपुरा, जालोर), रुचिका शर्मा (पावली, जालोर), प्रकाश भादू (कोलियां की बेरी, जालोर) सहित अन्य शामिल हैं। इनमें से कुछ 2016 और 2021 की भर्तियों में चयनित हुए थे और वर्तमान में विभिन्न स्कूलों में कार्यरत हैं। SOG ने 72 शिक्षकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में इस प्रकार के और भी मामले सामने आने की संभावना है।

जयपुर-सीकर हाईवे पर हादसा

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार कांस्टेबल को कुचला





मृतक राजेंद्र कुमार सामोता।

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर-सीकर हाईवे पर चौमूं इलाके में रविवार सुबह एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार कांस्टेबल को टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कांस्टेबल घर से ड्यूटी के लिए जयपुर पुलिस लाइन जा रहा था। हादसा राधास्वामी बाग पुलिया के पास हुआ, जहां कार ने इतनी जोरदार टक्कर मारी कि कांस्टेबल को करीब 20 फीट तक घसीटते हुए ले गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायल कांस्टेबल को बराला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चौमूं थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि मृतक राजेंद्र कुमार सामोता (36) रेनवाल के बधाल, हाल चौमूं के रहने वाला था। वह वर्ष 2015 में राजस्थान पुलिस में भर्ती हुआ था। सुबह 6:30 बजे वह घर से निकला था और कुछ ही दूरी पर हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने कार जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

***एक साल पहले पिता की हुई थी मौत:*** *राजेंद्र के पिता आर्मी से रिटायर्ड थे और एक साल पहले हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया था। बड़ा भाई महेश सामोता असम में आर्मी में तैनात हैं। राजेंद्र के दो बच्चे 6 साल का बेटा और 3 साल की बेटी चौमूं के निजी स्कूल में पढ़ते हैं। राखी पर वह पत्नी और बच्चों को गांव बधाल छोड़कर आया था।*

पुलिस ने 50 हजार की अवैध शराब के साथ कैफे संचालक को पकड़ा

# मर्सिडीज से महंगी शराब की तस्करी

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर कमिश्नरेट स्पेशल टीम ने रविवार शाम एक मर्सिडीज कार से हो रही महंगी शराब की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में कार में सवार कैफे संचालक सक्षम जैनानी को गिरफ्तार कर कार से 288 बीयर और 33 ब्रांडेड शराब की बोतलें जब्त की गई हैं। आरोपी शराब की तस्करी के लिए पुलिस से बचने के उद्देश्य से लग्जरी कार का इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस टीम ने सी-स्कीम क्षेत्र में कार को रोकने की कोशिश की, लेकिन ड्राइवर गाड़ी भगाकर रामबाग सर्किल की ओर भागा। इस पर टीम ने उसका पीछा किया और ट्रैफिक जाम में फंसी कार को ट्रैफिक पुलिस की मदद से पकड़ लिया। कार की तलाशी लेने पर 288 बीयर की बोतलें और 33 ब्रांडेड शराब की बोतलें बरामद हुईं, जिनकी बाजार कीमत 50 हजार रुपए से अधिक है। ज्योति नगर थाने में एसआई दुर्गा प्रसाद शर्मा ने बताया कि सक्षम जैनानी पहले एक कैफे संचालित करता था और अब अवैध शराब तस्करी में सक्रिय हो गया है। इससे पूछताछ में और भी नाम सामने आने की संभावना है।




*मर्सिडीज कार से शराब की बोतलें उतारते पुलिस के जवान।* **फोटो: पंकज शर्मा**

पूर्व पीएसओ ने बेटे समेत तीन को दिलवाया था पेपर

# PSO रहते कुंदन पंड्या से हुई दोस्ती... उसी ने दिया था पेपर

**बेधड़क** | जयपुर

एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में फर्जीवाड़े के मामले में गिरफ्तार हेड कांस्टेबल राजकुमार यादव और उनके बेटे भरत यादव से पूछताछ के दौरान कई खुलासे हुए हैं।

जांच में सामने आया कि राजकुमार वर्ष 2008 से 2013 तक तत्कालीन मंत्री महेंद्रजीत मालवीय का पीएसओ रहा। इसी दौरान उसकी मुलाकात उदयपुर निवासी कुंदन पंड्या से हुई, जो मालवीय के विधानसभा क्षेत्र में लाइजनिंग अधिकारी था। राजकुमार को एसआई परीक्षा से पहले पेपर मिलने की जानकारी पहले ही थी और उसने कुंदन से संपर्क कर अपने बेटे सहित अन्य को प्रश्न पत्र दिलवाया। राजकुमार ने केवल अपने बेटे को ही नहीं, बल्कि दो अन्य उम्मीदवारों सत्येंद्र यादव और रविंद्र को भी लीक हुआ पेपर बेचकर फायदा पहुंचाया। दोनों से उसने करीब 6 लाख रुपए वसूले थे।

मामले में सीकर पुलिस लाइन से फरार एसआई रविंद्र की तलाश के लिए एसओजी ने टीम बनाई है। रविवार को भी सीकर व जयपुर में कई स्थानों पर तलाशी ली गई। एसओजी ने उसे पूछताछ का नोटिस दिया हुआ है। राजकुमार वर्ष 1993 में अजमेर में कांस्टेबल बना। इसके बाद 1999 में जयपुर ट्रांसफर हुआ। 2008-13 में मंत्री का पीएसओ व 2014 में हेड कांस्टेबल बना। 2016 से 2023 तक मुख्यमंत्री निवास में वॉचर्स ड्यूटी और 2024 से अब तक पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पीएसओ रहा।

वहीं, गिरफ्तार सत्येंद्र यादव वर्ष 2011 में कांस्टेबल बना। 2014 से 2018 तक मंत्री प्रभुलाल सैनी के बंगले पर गार्ड, फिर मंत्री जसवंत यादव और विधायक जेपी चंदेलिया के पीएसओ पद पर तैनात रहा। इसी दौरान उसका एसआई पद पर चयन हुआ।

भर्तियों में फर्जीवाड़ा

# अब एसओजी के रडार पर राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की भर्तियां

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में सरकारी नौकरियों में फर्जीवाड़े को लेकर एसओजी की जांच का दायरा अब बढ़ता जा रहा है। आरपीएससी की भर्तियों में फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद अब कर्मचारी चयन बोर्ड की भर्तियां भी एसओजी की रडार में आ गई हैं। प्रदेश में तलाकशुदा कोटा और दिव्यांगता प्रमाण पत्र के गलत इस्तेमाल से नौकरी हासिल करने के कई मामले सामने आने के बाद ऐसे फेक कैंडिडेट्स पर शिकंजा कसने के लिए कर्मचारी चयन बोर्ड ने कमर कस ली है और अब स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और कर्मचारी चयन बोर्ड इस गड़बड़ी की परतें खोलने में जुट गए हैं। कई अभ्यर्थी सिर्फ कागजों पर तलाकशुदा या दिव्यांग दिखाकर सरकारी नौकरी जॉइन कर चुके हैं। जांच में अब तक कई मामलों में फर्जीवाड़ा उजागर हो चुका है, जिनकी जांच अब एसओजी करेगी।




### सरकारी नौकरी के लोभ में कर रहे हैं फर्जीवाड़ा

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि तलाकशुदा महिलाओं के लिए सरकारी भर्तियों में 2% आरक्षण है, जिसकी कट-ऑफ सामान्य से काफी कम रहती है। इसका लाभ उठाने के लिए कुछ अभ्यर्थी फर्जी तलाक के दस्तावेज तैयार कर नौकरी हासिल कर रहे हैं। अब तक इस तरह के 12 से अधिक मामलों की शिकायत बोर्ड को मिल चुकी है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस फर्जीवाड़े की जांच अब स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप को सौंप दी गई है। एसओजी गहन जांच अभियान शुरू कर चुकी है। इसी तरह, दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी नौकरी पाने वालों की भी विशेष जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं।



*आलोक राज।*

### 29 रिपोर्ट में से 24 लोगों ने दिए फर्जी प्रमाण पत्र

एसओजी के अनुसार, दिव्यांग कोटे का गलत इस्तेमाल कर अब तक बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने नौकरी पाई है। पहले चरण में 66 सरकारी कर्मचारियों की मेडिकल जांच करवाई गई, जिसमें 29 की रिपोर्ट मिल चुकी है। इनमें 24 लोगों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए हैं। श्रव्यबाधित श्रेणी में आए सभी 13 प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए। दृष्टिबाधित और लोकोमोटर दिव्यांगों के भी अधिकांश प्रमाण पत्र गलत निकले हैं।

### भविष्य में होने वाली परीक्षाओं में स्वावलंबन कार्ड जरूरी

इस पूरी प्रक्रिया के मद्देनजर सरकार अब भर्ती में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए स्वावलंबन कार्ड को अनिवार्य बनाने जा रही है। आगामी भर्तियों के फॉर्म में इसका रजिस्ट्रेशन नंबर भरना अनिवार्य किया जाएगा।

### कई कर्मचारी आपस में हैं रिश्तेदार

जांच में सामने आया कि कई कर्मचारी रिश्तेदार हैं, जैसे पति-पत्नी, भाई-बहन, जिन्होंने मिलकर फर्जी प्रमाण पत्रों से नौकरी पाई है। इन फर्जी प्रमाण पत्रों के पीछे कुछ डॉक्टरों की मिलीभगत की भी जांच की जा रही है। कई डॉक्टरों ने दस्तखत फर्जी होने की बात कही है। एसओजी ने अब तक राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की 15 परीक्षाओं का रिकॉर्ड खंगाला है, जिसमें 404 अभ्यर्थियों ने श्रव्यबाधिता के प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी हासिल की। शिक्षा विभाग में सबसे ज्यादा ऐसे नियुक्तियां हुई हैं। जयपुर, भरतपुर, सिरोही, अजमेर, जालौर जैसे जिलों से बड़ी संख्या में कर्मचारी जांच के घेरे में हैं।

## जरूरी खबर

### खाटूश्यामजी की श्रृंगार आरती का समय बदला



**सीकर।** खाटूश्यामजी मंदिर में सुबह 7:00 बजे होने वाली आरती में आंशिक परिवर्तन किया गया है। जानकारी के अनुसार, सुबह 7:00 बजे होने वाली श्रृंगार आरती अब भाद्रपद माह की एकम, रविवार से सुबह 7:15 पर होगी। बाबा श्याम की पांच बार आरती होती है। पहली आरती सुबह 4:30 से 5 बजे होती है, जिसे मंगला आरती कहते हैं। दूसरी आरती सुबह 7:15 बजे होगी, जिसे श्रृंगार आरती कहा जाता है। दोपहर 12:30 बजे भोग आरती होती है। शाम को 7:00 बजे संध्या आरती तथा देर रात 10:00 बजे बाबा श्याम के दरबार में शयन आरती होती है।

### लव मैरिज से खफा पिता ने बांटा जिंदा बेटी का शोक पत्र



**भीलवाड़ा।** आसींद क्षेत्र में एक शादीशुदा बेटी ने भागकर अपने दोस्त से लव मैरिज कर ली। इस बात से पिता इतने नाराज हुए कि उन्होंने बेटी को मरा मानकर शोक पत्रिका छपवा दी। पिता ने समाज के लोगों में शोक पत्रिका बांटी और घर पर 12 दिन की शौक बैठक रख कर 10 अगस्त को मृत्युभोज के लिए आमंत्रित किया। शोक पत्रिका में स्पष्ट लिखा गया है कि 'पूजा अब हमारे लिए मृत है'। मामला भीलवाड़ा के आसींद थाना इलाके के ब्राह्मणों की सरेरी गांव का है। भैरूलाल जोशी ने अपनी इकलौती बेटी पूजा की तीन माह पहले ही समाज के एक युवक से धूमधाम से शादी की थी।

### पैर फिसलने से कुएं में गिरे युवक की मौत



**निवाई।** सूरजपुरा गांव में कुएं में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। निवाई थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि विकास शर्मा पुत्र हनुमान शर्मा अपने खेत पर गया था, जहां पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से युवक को कुएं से बाहर निकलवा कर 108 एंबुलेंस से निवाई अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया।

## प्रदेश में 15 अगस्त से फिर सक्रिय होगा मानसून, जोधपुर संभाग में तापमान में हुई बढ़ोतरी

# राजसमंद के आमेट में झमाझम, जयपुर में बादलों का डेरा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के कुछ शहरों में रविवार शाम को अचानक मौसम बदला। शाम करीब 4 बजे राजसमंद के आमेट में तेज बारिश हुई। वहीं, इससे पहले सीकर, नीमकाथाना, श्रीमाधोपुर और दौसा के बांदीकुई में हल्की बारिश हुई। कई शहरों में बादल छाए रहे। तेज हवा के साथ हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई और मौसम सुहावना हो गया। वहीं, पश्चिमी राजस्थान के श्रीगंगानगर में दिन का तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे गर्म हवाओं का असर महसूस किया गया। इधर, राजधानी जयपुर में दिनभर आसमान में बादल छाए रहे, जिससे उमस भरे मौसम से थोड़ी राहत मिली। शाम चार बजे के बाद ठंडी हवाएं चली।

### अटरू में सबसे ज्यादा 50 मिमी बारिश

बारां के अटरू में पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा 50 मिमी बारिश हुई। बांदीकुई में 18 मिमी, जयपुर के आंधी में 2 मिमी, कोटपूतली में 3 मिमी, झालावाड़ के खानपुर में 6 मिमी, झुंझुनूं के उदयपुरवाटी में 8 मिमी, करौली के हिंडौन में 10 मिमी, सीकर के लक्ष्मणगढ़ में 6 मिमी और नीमकाथाना में 5 मिमी बरसात दर्ज की गई। जयपुर, अलवर, धौलपुर, भरतपुर आदि क्षेत्रों में हल्की बारिश व बूंदाबांदी हुई।

### कम क्यों हो रही बारिश?

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मानसून ट्रफ अभी सामान्य स्थिति से उत्तर की ओर है, जो फरीदकोट, लुधियाना, शाहजहांपुर, बलिया और जलपाईगुड़ी होकर गुजर रही है। इस कारण राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड राज्यों में बारिश की गतिविधियां कम हो गई हैं।



*नीमकाथाना में सुबह अचानक मौसम बदला और हल्की बारिश शुरू हो गई। बारिश के दौरान गुजरती महिलाएं।*

### प्रदेश में मानसून फिर होगा सक्रिय

मौसम विभाग के अनुसार 15 अगस्त से राज्यभर में मानसून फिर से सक्रिय होने की संभावना है। जयपुर में 11 से 13 अगस्त के बीच बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना है। 14 अगस्त के बाद मौसम कुछ साफ हो सकता है, लेकिन 15 व 16 अगस्त को दोपहर या शाम के समय फिर से बारिश की संभावना जताई है। पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर, जोधपुर संभाग में मौसम लगातार शुष्क है, जिससे गर्मी बढ़ रही है।

## बोलेरो ने बाइक सवारों को मारी भीषण टक्कर

# हादसे में तीन की मौत, गुस्साई भीड़ ने बोलेरो को लगाई आग

■ एक ही बाइक पर सवार थे 6 लोग ■ तीन जनों की हालत गंभीर

**बेधड़क** | डूंगरपुर

सदर थाना क्षेत्र के देवल गांव के पास रविवार शाम को बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र समेत 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, हादसे में 3 लोग गंभीर घायल हो गए। टक्कर से बाइक के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने बोलेरो को आग के हवाले कर दिया।

इधर, बोलेरो का चालक मौके से फरार हो गया। सभी 6 लोग एक ही बाइक पर सवार थे और रक्षाबंधन का पर्व मनाकर लौट रहे थे। थाना अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि बाइक सवार देवल घोघरा फला निवासी सुनील घोघरा (40) पुत्र मावा, उसकी पत्नी कमला, बेटा श्रवण (6) व जिगर (9) पाल पादर गांव में रक्षाबंधन का त्योहार मनाने गए थे। उनके साथ रोहनवाड़ा गांव निवासी मुन्ना (30) पत्नी हितेश अहारी और निशांत (07) पुत्र हितेश अहारी भी थे। राखी बांधकर सभी 6 लोग एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इस दौरान देवल गांव के पास सामने से आ रही बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सुनील घोघरा, उसके बेटे श्रवण और रिश्तेदार निशांत की मौत हो गई।

वहीं, कमला, मुन्ना और जिगर गंभीर घायल हो गए। उनके हाथ, पैर, सिर पर गंभीर चोटें आईं हैं। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुनील के बेटे जिगर की हालात गंभीर होने पर उसे उदयपुर रेफर कर दिया गया।



*हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने जीप में आग लगा दी। मौके पर जलती बोलेरो व मौजूद पुलिस।*

### मौके पर जमा हुई भीड़, बोलेरो को लगाई आग

हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान आक्रोशित भीड़ ने बोलेरो को आग लगा दी और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत करके दमकल की मदद से आग पर काबू पाया। वहीं, थानाधिकारी ने आगजनी के मामले को लेकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### राखी बांधकर घर आ रहा था परिवार

परिजनों ने बताया कि सुनील पत्नी कमला व दो बच्चों श्रवण व जिगर के साथ शनिवार को रक्षाबंधन पर्व पर अपने ससुराल पाल पादर गया था तथा राखी बंधवाकर रविवार को वापस आ रहे थे। इस दौरान कमला की बहन मुन्ना व उसका बेटा निशांत भी मोटरसाइकिल पर साथ हो गए। रास्ते में हादसा हो गया और तीन जनों की मौत हो गई। जीजा व भांजों की मौत की सूचना और बहनों के घायल होने की खबर सुनकर पीहर में मातम पसर गया। सभी लोग तुरंत मौके पर पहुंचे।



*दुर्घटनाग्रस्त बाइक और मौके पर जमा लोग।*

## ज्वैलरी लूटने के बाद मारपीट, फिर मर्डर

# भाजपा नेता की पत्नी की गला रेतकर हत्या

■ रक्षाबंधन मनाकर ससुराल से लौट रहे थे

**बेधड़क** | अजमेर

किशनगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को भाजपा नेता की पत्नी की दिन-दहाड़े हत्या से दहशत फैल गई। बदमाशों ने महिला की ज्वैलरी लूटकर उसका गला रेत दिया। हमले में भाजपा नेता रोहित सैनी के भी गंभीर चोट आई है। रोहित भाजपा मंडल के महामंत्री हैं। वे पत्नी के साथ ससुराल से रक्षाबंधन का त्योहार मनाकर लौट रहे थे। किशनगढ़ ग्रामीण सीओ उमेश गौतम ने बताया कि उदयपुर कलां निवासी रोहित सैनी (35), पत्नी संजू सैनी (32) के साथ रक्षाबंधन पर रलावता गांव में अपने ससुराल गए थे।

रविवार को दंपती रलावता से सिलोरा गांव की ओर संजू के रिश्ते में लगने वाले भाई के यहां राखी बांधने जा रहे थे। गांव पहुंचने से तीन किलोमीटर पहले उनकी बाइक को बदमाशों ने रोक लिया। बदमाशों ने संजू को चाकू दिखाकर ज्वैलरी छीनने की कोशिश की। आरोपियों ने पति-पत्नी के साथ जमकर मारपीट की। ज्वैलरी लूटने के बाद उन्होंने संजू के गले पर चाकू से वार कर दिया।



*घायल रोहित।*



*मृतका संजू।*

### लोगों ने दोनों को पहुंचाया अस्पताल

पुलिस ने बताया कि लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने रोहित और संजू को घायल अवस्था में किशनगढ़ के जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने संजू को मृत घोषित कर दिया। सीओ उमेश गौतम ने बताया कि लूट कितने की हुई है, इसकी जानकारी रिपोर्ट मिलने के बाद ही सामने आ सकेगी।

### हॉस्पिटल के बाहर प्रदर्शन, नारेबाजी

घटना की सूचना के बाद सैनी समाज के लोग अस्पताल में जुट गए। समाज के लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक शव उठाने से इनकार कर दिया है। मौके पर पुलिस जाब्ता तैनात किया गया। इस बीच कुछ युवाओं ने रोड जाम करने की कोशिश की।

# श्रीनाथद्वारा में श्रद्धालुओं को नहीं मिल रही मूलभूत सुविधाएं

**बेधड़क** | नाथद्वारा

वल्लभ सम्प्रदाय की प्रधान पीठ श्रीनाथद्वारा में देश-विदेश से श्रद्धालु श्रीनाथजी के दर्शनों के लिए प्रतिदिन यहां आते हैं। यहां वल्लभ सम्प्रदाय की प्रथम, द्वितीय व तृतीय पीठ (द्वारिकाधीश) के भी दर्शन की सुविधा अब उपलब्ध हो गई है, लेकिन यहां विकास के तमाम दावों के बावजूद श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। नाथद्वारा आने वाले भक्तों के लिए समुचित पार्किंग जैसी आधारभूत सुविधा तक उपलब्ध नहीं है। परिक्रमा मार्ग के हालात चिंताजनक हैं। यहां श्रीनाथजी की रसोई और मंदिर सेवा से जुड़े परिवारों के आवास भी हैं। स्थिति इतनी विकट है कि यदि किसी श्रद्धालु या स्थानीय निवासी के साथ कोई दुर्घटना हो जाए तो संकरी गलियों और टूटी सड़कों के कारण घायल को स्ट्रेचर पर अस्पताल तक ले जाना भी संभव नहीं होता। हालांकि सरकार और मंदिर मंडल की ओर से कई विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

अम्बानी परिवार जैसे बड़े व्यावसायिक घराने भी यहां से अपने उपक्रमों की शुरुआत करते हैं। यहां तक कि नाथद्वारा के कुछ निवासी राष्ट्रीय राजनीति में भी सक्रिय माने जाते हैं।



*पार्किंग सुविधा नहीं होने से सड़क किनारे खड़े दुपहिया वाहन।*

## ढाक का चौड़ा गांव के तालाब में नहाने के लिए उतरे थे बच्चे

# पोते-पोती को बचाने कूदी दादी, तीनों की मौत

**बेधड़क** | राजसमंद

देवगढ़ थाना इलाके के ढाक का चौड़ा गांव में रविवार को तालाब में डूबने से दादी और पोता-पोती की मौत हो गई। पोता-पोती नहाने के लिए तालाब में उतरे थे। अचानक वे डूबने लगे। उन्हें बचाने के लिए दादी भी तालाब में कूद गई। तैरना नहीं आने के कारण तीनों डूब गए। थाना इंचार्ज अनिल विश्नोई ने बताया कि हादसे में पूर्व वार्ड पंच भंवरी देवी (60) पत्नी राजूराम भील और उनके पोते हिम्मतराम (11) पुत्र तुलसाराम व पोती मीना (10) पुत्री लक्ष्मण राम की मौत हो गई। हिम्मतराम और मीना चचेरे भाई-बहन थे। भंवरी देवी उनकी दादी थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद तीनों के शव परिजनों को सौंप दिए।



*भंवरी देवी।*



*हिम्मतराम।*



*मीना।*

### ग्रामीणों की मदद से निकाले शव

गांव के दूसरे बच्चों ने तालाब में भंवरी देवी का शव देखा। उन्होंने मंडावर प्रशासक प्यारी देवी को इसकी सूचना दी। प्यारी देवी ने बग्गड़ पुलिस चौकी पर हादसे की सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से पोता-पोती और दादी को तालाब से बाहर निकाल कर देवगढ़ के सरकारी हॉस्पिटल में पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

### तीनों को ही नहीं आता था तैरना

ढाक का चौड़ा गांव में रविवार सुबह करीब 9 बजे भंवरी देवी पोते हिम्मतराम और पोती मीना को लेकर बकरियां चराने जंगल में गई थी। इस दौरान हिम्मतराम और मीना गांव के तालाब शिल सागर में नहाने के लिए उतरे। दोनों बच्चे अचानक गहरे पानी में चले गए। तैरना नहीं आने के कारण दोनों डूबने लगे। दोनों बच्चों को डूबता देख दादी भंवरी देवी उन्हें बचाने के लिए पानी में कूद गईं। भंवरी देवी को भी तैरना नहीं आता था। पानी गहरा होने के कारण वह भी डूब गईं।

## जोधपुर में होगा स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह

# पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में निकाला रूट मार्च

■ स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर
■ संदिग्ध स्थानों की विशेष निगरानी

**बेधड़क** | जोधपुर

इस बार जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में होने वाले राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। समारोह की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने विशेष योजना तैयार की है। स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर रविवार को एसीपी छवि शर्मा के निर्देशन में रूट मार्च निकाला गया। इस रूट मार्च में महिला पुलिस की कांस्टेबल टीम कालिका सहित अन्य जवान शामिल हुए।

रूट मार्च संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों से होकर गुजरा। इसमें संदिग्ध स्थानों की विशेष निगरानी की गई। इसका उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का भरोसा जगाना और अपराधियों में भय पैदा करना था। महिला पुलिस दल की मौजूदगी से विशेष रूप से महिला सुरक्षा का संदेश भी दिया गया। मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।



*जोधपुर शहर में रविवार को रूट मार्च निकालती पुलिस।*

### सीसीटीवी से रहेगी निगरानी

15 अगस्त को बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में स्कूल की बालिकाओं की ओर से देशभक्ति गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। विभिन्न कलाकार भी स्वतंत्रता दिवस पर विशेष कार्यक्रम पेश करेंगे। प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल के भीतर और बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की योजना बनाई है। भीड़ प्रबंधन के लिए बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

### मेहरानगढ़ में होगा 'एट होम' कार्यक्रम

कार्यक्रम की तैयारियों के तहत 14 अगस्त को 'एट होम' कार्यक्रम मेहरानगढ़ में तथा सांस्कृतिक संध्या अशोक उद्यान, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के दिन VVIP और आमंत्रित अतिथियों के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे।

## जेल प्रशासन पर मारपीट का आरोप

# कैदी की मौत पर हंगामा

**बेधड़क** | भरतपुर

भरतपुर की सेवर सेंट्रल जेल में विचाराधीन कैदी की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया। परिजन जेल प्रशासन पर मारपीट का आरोप लगाते हुए जेल के बाहर धरने पर बैठ गए।

मृतक कैदी चेतपाल के भाई वीरेंद्र ने बताया कि रविवार सुबह उससे बहन मिलने गई थी, तब उसे बताया गया कि चेतपाल की मौत हो गई है। जबकि, शनिवार को रक्षाबंधन पर छोटी बहन राखी बांधने पहुंची थी तो वह सही था, हालांकि उसने जेल में मारपीट की बात कही थी। सीओ पंकज यादव ने बताया कि कैदी चेतपाल (40) सेवर थाने के ऊंचा गांव का रहने वाला था। उस पर साल 2018 में अवैध शराब बेचने का केस दर्ज हुआ था। चेतपाल ने 7 अगस्त, 2025 को कोर्ट में सरेंडर किया था, जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। रविवार सुबह इलाज के दौरान उसकी हॉस्पिटल में मौत हो गई। मौत की जांच मेडिकल बोर्ड द्वारा करवाई जाएगी। इसके आधार पर एक्शन लिया जाएगा।



*सेवर स्थित सेंट्रल जेल के बाहर धरने पर बैठे परिजन।*

### जी स्टूडियो में हुआ मिस टीन अर्थ का ग्रैंड फिनाले, 11 देशों की प्रतिभागियों ने दिखाया टैलेंट

# लीह रेयास अमोरेस ने जीता मिस टीन अर्थ का खिताब, मिशा सिंह थियारा रहीं फर्स्ट रनरअप

## मेरिडिथ सेकंड, सोफिया लोरेंटे थर्ड और जोहाना गोंजालेज फोर्थ रनरअप चुनी गईं



डॉ. जगदीश चंद्र, भारत से मिस टीन अर्थ 2025 की फाइनलिस्ट खुशी यादव के साथ।




डॉ. जगदीश चंद्र और निखिल आनंद के साथ मिस टीन अर्थ 2025 की विजेता लीह रेयास। साथ में हैं मिस कनाडा (फर्स्ट रनरअप) मिशा सिंह थियारा, मिस फिलीपींस (सेकंड रनरअप) मेरिडिथ बोबाडिल्ला, मिस स्पेन (थर्ड रनरअप) सोफिया लोरेंटे हेरेरो और मिस मेक्सिको (फोर्थ रनरअप) जोहाना गोंजालेज।

**बेधड़क** | जयपुर

रोशनी, रंग और रैंप की चकाचौंध के बीच रविवार रात जी स्टूडियो में इतिहास रच गया, जब मिस टीन अर्थ का ग्रैंड फिनाले अंतरराष्ट्रीय अंदाज में आयोजित हुआ। ग्लैमर, फैशन और टैलेंट के अद्भुत संगम से सजी इस शाम में 11 देशों की प्रतिभागियों ने ताज के लिए जोरदार मुकाबला किया।

कड़े और रोमांचक कॉम्पिटिशन में मिस टीन अर्थ-2025 का खिताब मिस क्यूबा लीह रेयास अमोरेस को मिला। मिस कनाडा मिशा सिंह थियारा फर्स्ट रनरअप रहीं, जबकि मिस फिलीपींस मेरिडिथ बोबाडिल्ला सेकंड रनरअप, मिस स्पेन सोफिया लोरेंटे हेरेरो थर्ड रनरअप और मिस मेक्सिको जोहाना गोंजालेज फोर्थ रनरअप चुनी गईं। विजेताओं को मिस यूनिवर्स इंडिया-2024 रिया सिंघा ने क्राउन पहनाकर सम्मानित किया, तो माहौल तालियों और खुशियों से गूंज उठा।



लीह रेयास अमोरेस।



डॉ. जगदीश चंद्र का स्वागत करते निखिल आनंद।

### डॉ. जगदीश चंद्र ने शो को बताया युवाओं के लिए प्रेरणा

आयोजन के चीफ गेस्ट भारत 24 के सीईओ व एडिटर-इन-चीफ डॉ. जगदीश चंद्र रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और इस तरह के मंचों को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम का संचालन एंकर अस्मिता और च्यानिका ने शानदार अंदाज में किया। ग्रैंड फिनाले के मुख्य आकर्षणों में नेशनल कॉस्ट्यूम राउंड, ओपनिंग नंबर, स्विमवेयर राउंड और इवनिंग गाउन राउंड शामिल रहे। नेशनल कॉस्ट्यूम राउंड में प्रतिभागियों ने अपने-अपने देशों की संस्कृति और परंपरा को जीवंत किया। स्विमवेयर राउंड में आत्मविश्वास और फिटनेस का प्रदर्शन हुआ, जबकि इवनिंग गाउन राउंड में शालीनता और स्टाइल का अनूठा मेल देखने को मिला।

### विनर को भारत 24 की ओर से डॉलर में कैश प्राइज

मिस टीन अर्थ विनर को भारत 24 की ओर से 100 डॉलर का कैश प्राइज दिया गया। वहीं मिस इंडिया खुशी यादव को भारत 24 की ओर से विशेष पुरस्कार स्वरूप 500 अमेरिकी डॉलर दिए गए। प्रतियोगिता का मूल्यांकन इंटरनेशनल-नेशनल जूरी ने किया, जिनमें निखिल आनंद, पैमी कौल, रिया सिंघा, कैरोलीना लंदन, रोजर कास्टानो और करिबेल पेरेज शामिल थे। दर्शकों ने फैशन और ग्लैमर के साथ-साथ प्रतियोगियों के आत्मविश्वास और मंच पर उनकी मौजूदगी की खुलकर सराहना की।




मिशा सिंह थियारा।

प्रिंसेस मल्ला।

सोफिया लोरेंटे हेरेरो।

लीह रेयास अमोरेस।

### ओवल की जीत पर ऑनलाइन ट्रोल्स का साया

# ऐतिहासिक जश्न बदला 'बुमराह बनाम सिराज' में



सिद्धार्थ महान
स्वतंत्र टिप्पणीकार



> मैच के अंतिम ओवरों में जो नजारा देखने को मिला, वह किसी फिल्मी क्लाइमैक्स से कम नहीं था। सिराज और प्रसिद्ध ने मिलकर इंग्लैंड की पारी को आखिरी सांसों तक रोके रखा। चोटिल क्रिस वोक्स मैदान पर आए, पर गस एटकिंसन को सिराज ने सटीक यॉर्कर पर क्लीन बोल्ड कर दिया। भारत की मेहनत रंग लाई, छह रन की लेकिन ऐतिहासिक जीत। लेकिन यहीं पर इस खुशी में कड़वाहट घुलने लगी।

ओवल का आखिरी दिन ऐसा था, जिसे लंबे समय तक हर क्रिकेट प्रेमी याद रखेगा। भारत ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए ऐसा नतीजा निकाला, जिसकी कल्पना भी कम ही लोग कर रहे थे। महज छह रनों से मिली यह ऐतिहासिक जीत न सिर्फ सीरीज को 2-2 पर ले आई, बल्कि टीम के जज्बे और हौसले की अनोखी मिसाल भी पेश की। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की धारदार गेंदबाजी ने इस जीत को संभव बनाया, लेकिन उससे भी बड़ा था वह मानसिक संघर्ष, जिसे भारतीय टीम ने आखिरी गेंद तक लड़ा। मैच की कहानी को शुरू से देखें तो इसका हर मोड़ किसी रोमांचक नाटक से कम नहीं था। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया और पहले ही दिन भारत की पहली पारी महज 224 रनों पर सिमट गई। इस पारी में करुण नायर के 57 रन सबसे चमकदार रहे, लेकिन टीम बड़े स्कोर तक नहीं पहुंच सकी। जवाब में इंग्लैंड ने 247 रन बनाकर मामूली बढ़त ले ली। पहले दो दिन का खेल उतार-चढ़ाव से भरा था, लेकिन असली ड्रामा दूसरी पारी में शुरू हुआ। भारत ने दूसरी पारी में शानदार वापसी करते हुए 396 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल की दमदार 118 रनों की पारी और आकाश दीप के बहुमूल्य 66 रन इस पारी की जान थे। 374 रनों का विशाल लक्ष्य लेकर इंग्लैंड मैदान में उतरा तो उनके जो रूट और हैरी ब्रूक ने जीत की मजबूत नींव रख दी थी। लेकिन जैसे-जैसे मैच अपने अंत की ओर बढ़ा, तस्वीर पलटने लगी और पूरा माहौल सिहरन से भर गया।

आखिरी दिन की सुबह इंग्लैंड को जीत के लिए सिर्फ 35 रन चाहिए थे, लेकिन मैदान पर मौजूद हर दर्शक के दिल में यह अहसास था कि यहां कुछ बेहद नाटकीय घट सकता है। दिलचस्प बात यह थी कि सभी को पता था, चाहे नतीजा किसी भी ओर झुके, खेल ज्यादा से ज्यादा एक घंटे में खत्म हो जाएगा, फिर भी ओवल का स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था। बाहर भी लंबी कतारें लगी थीं, कई भारतीय समर्थक किसी तरह टिकट पाने की कोशिश में खड़े थे ताकि इस ऐतिहासिक सुबह को अपनी आंखों से देख सकें। दिन की शुरुआत में ही मोहम्मद सिराज ने कमाल कर दिया। उन्होंने अपनी धारदार गेंद पर जेमी स्मिथ को विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच करवाया और भारतीय खेमे में जान फूंक दी। अगले ही ओवर में सिराज ने जेमी ओवरटन को एलबीडब्ल्यू कर दिया। इस पल ने पूरे स्टेडियम में भारतीय फैंस के शोर को जैसे विस्फोट की तरह फाड़ दिया। ओवरटन के आउट होने पर इंग्लैंड ने तुरंत डीआरएस लिया। सबकी निगाहें बड़ी स्क्रीन पर टिकी थीं, और जब हॉकआई ने 'अंपायर कॉल' दिखाया तो पूरा मैदान खुशी से गूंज उठा। सिराज का वह दबदबा फिर आखिरी गेंद तक बरकरार रहा और उन्होंने इंग्लैंड की उम्मीदों को धीरे-धीरे ध्वस्त कर दिया।

मैच के अंतिम ओवरों में जो नजारा देखने को मिला, वह किसी फिल्मी क्लाइमैक्स से कम नहीं था। सिराज और प्रसिद्ध ने मिलकर इंग्लैंड की पारी को आखिरी सांसों तक रोके रखा। चोटिल क्रिस वोक्स मैदान पर आए, पर गस एटकिंसन को सिराज ने सटीक यॉर्कर पर क्लीन बोल्ड कर दिया। भारत की मेहनत रंग लाई, छह रन की लेकिन ऐतिहासिक जीत। लेकिन यहीं पर इस खुशी में कड़वाहट घुलने लगी। जिस तरह सिराज के प्रदर्शन पर देश ने खुशी जताई, कुछ ही दिनों में सोशल मीडिया ने इस जश्न का स्वाद बिगाड़ दिया। अचानक कुछ लोगों ने इस जीत का इस्तेमाल एक खिलाड़ी के खिलाफ दूसरे खिलाड़ी को खड़ा करने के लिए किया। सिराज की तारीफों के बीच जसप्रीत बुमराह पर निशाना साधा जाने लगा और बेवजह आरोप लगाए गए।

बुमराह ने इंस्टाग्राम पर सीरीज की तस्वीरें और अपनी यादें साझा कीं, लेकिन कुछ लोगों ने इसे सिराज की तारीफ न करने के रूप में तोड़-मरोड़कर पेश किया। नतीजा यह हुआ कि सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग की बाढ़ आ गई, कमेंट्स में लिखा जाने लगा, 'इतना जलन क्यों? सिराज की तारीफ करनी चाहिए थी', 'टीम के साथी की सफलता बर्दाश्त नहीं हो रही।' यह सिलसिला इतना बढ़ा कि चर्चा का विषय जीत का जश्न नहीं, बल्कि बुमराह बन गए और वह भी नकारात्मक वजहों से। यह स्थिति इतनी बढ़ गई कि वरिष्ठ कमेंटेटर हर्षा भोगले को आगे आकर लोगों से बुमराह पर हमला न करने की अपील करनी पड़ी। उन्होंने समझाया कि तेज गेंदबाजों के शरीर पर कितना दबाव होता है और हर मैच में हर गेंदबाज से शिखर प्रदर्शन की उम्मीद करना अव्यावहारिक है। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि उनके इस बयान पर भी उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया, जैसे बुमराह का बचाव करना ही कोई अपराध हो।

बुमराह पहले भी सोशल मीडिया की ऐसी आंधियों का सामना कर चुके हैं। कुछ महीने पहले उन्होंने एक पोस्ट में लिखा था, 'सफलता पर सब बधाई देते हैं, पर जब समर्थन की जरूरत होती है तो चुप्पी बहुत बोलती है।' यह ऑनलाइन फैन कल्चर की बदलती और अक्सर असंवेदनशील प्रवृत्ति की ओर इशारा था, जो ओवल टेस्ट के बाद फिर से देखने को मिली। यह एक अजीब प्रवृत्ति है, पहले किसी खिलाड़ी को देवता बना देना और फिर अचानक उसे नीचे गिरा देना, जो सोशल मीडिया युग की खेल-संस्कृति की एक पहचान बन चुकी है। सिराज के मामले में प्रशंसा पूरी तरह उचित थी, उनकी गेंदबाजी सालों तक याद रखी जाएगी, लेकिन एक खिलाड़ी को ऊपर उठाने के लिए दूसरे को नीचा दिखाना, कुछ दर्शकों की असुरक्षा और संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। इस तरह की सोच बड़ी तस्वीर को नजरअंदाज कर देती है। क्रिकेट एक टीम खेल है, और ओवल जैसी जीत कई खिलाड़ियों के संयुक्त प्रयास से संभव होती है। बुमराह के शुरुआती मैचों में किए गए शानदार स्पेल, युवा गेंदबाजों को दी गई उनकी सलाह और स्ट्राइक बॉलर के रूप में उनकी मौजूदगी, ये सब भारत की सफलता में अहम भूमिका निभाते हैं, लेकिन सोशल मीडिया की दुनिया सच्चाई को पलट देती है। एक साधारण पोस्ट को जलन का प्रमाण मान लिया जाता है और देखते ही देखते किसी खिलाड़ी की पूरी छवि को ऑनलाइन अदालत में फिर से परखा जाने लगता है। इस मामले में, 'भारत की महान वापसी' की कहानी सिर्फ 72 घंटों में 'बुमराह बनाम सिराज' में बदल गई। यह न सिर्फ बुमराह के लिए अनुचित है, बल्कि पूरी टीम की उपलब्धि के लिए भी अपमानजनक है। इससे फैन्स खुद अपनी जीत की खुशी भी खो देते हैं, जिसे बेमतलब के गुटबाजी से बदल दिया जाता है। सिराज और बुमराह प्रतिद्वंदी नहीं, बल्कि एक ही यात्रा के साथी हैं। ओवल टेस्ट ने हमें यही सिखाया कि क्रिकेट की खूबसूरती उसकी अनिश्चितता और सामूहिक प्रयास में है। हमें इस जीत को उसी रूप में याद रखना चाहिए, एक अद्भुत मिसाल धैर्य और विश्वास की। हमें इस प्रवृत्ति का विरोध करना चाहिए, जिसमें एकजुटता के क्षणों को विभाजन के मंच में बदल दिया जाता है। अगर यह चक्र चलता रहा तो अगली बड़ी जीत भी मिठास के साथ कड़वाहट लिए होगी। ओवल की जीत का असली जश्न तभी होगा, जब हम सब मिलकर इसे टीम की जीत के रूप में देखें और अपने हीरो को पल भर में देवता से दोषी बनाने की आदत छोड़ दें। यही खेल का और सच्चे फैन होने का असली अर्थ है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### नॉलेज कॉर्नर: मन को भटकने देने के फायदे और 'अटेंशन रिस्टोरेशन थ्योरी'

# भागदौड़ में उलझा दिमाग, क्यों हमें 'ब्रेक' की सख्त जरूरत

हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में भागदौड़, काम के दबाव और लगातार डिजिटल जुड़ाव ने हमारे मस्तिष्क को एक पल भी चैन से बैठने नहीं दिया। सोशल मीडिया स्क्रॉल करना, ईमेल चेक करना या लक्ष्य पूरे करने की जद्दोजहद ये सब हमारे दिमाग पर लगातार बोझ डालते हैं। नतीजा: तनाव, चिड़चिड़ापन और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में गिरावट। इसी पृष्ठभूमि में आता है 'अटेंशन रिस्टोरेशन थ्योरी' एक ऐसा सिद्धांत, जो हमें याद दिलाता है कि कभी-कभी अपने मन को 'भटकने' देना ही मानसिक ताजगी का सबसे अच्छा तरीका है। यह थ्योरी 1989 में मनोवैज्ञानिक रेचेल और स्टीफन कपलान ने पेश की थी। उनका मानना था कि प्रकृति के साथ समय बिताने से हमारी एकाग्रता और मानसिक ऊर्जा बहाल हो सकती है।

#### प्रकृति का साथ क्यों असरदार है

यह विचार 19वीं सदी के अमेरिकी मनोवैज्ञानिक विलियम जेम्स की 'स्वैच्छिक ध्यान' की अवधारणा से प्रेरित है, जिसमें ऐसे ध्यान की बात की गई जो प्रयास मांगता है। रोमांटिक युग के दौरान प्रकृति, कल्पनाशीलता और व्यक्तिपरक अनुभवों को मानसिक सुकून के स्रोत के रूप में देखा गया। आधुनिक शोध बताते हैं कि प्रकृति में समय बिताना चाहे पार्क में टहलना हो या किसी हरी-भरी जगह पर बैठना तनाव हार्मोन को कम करता है, मूड सुधारता है और सोचने-समझने की क्षमता बढ़ाता है। मस्तिष्क के 'एमिगडाला' हिस्से की सक्रियता भी घट जाती है, जिससे बेचैनी कम महसूस होती है।



#### मन को भटकाने के आसान तरीके

घर या ऑफिस के पास किसी शांत, हरियाली वाली जगह पर कुछ मिनट बैठें। इस दौरान फोन, लैपटॉप और नोटिफिकेशन जैसी ध्यान भटकाने वाली चीजें दूर रखें। बोरियत महसूस होने पर तुरंत फोन उठाने के बजाय खिड़की के बाहर देखें, आसमान या पेड़ों को निहारें। बस स्टैंड, ट्रेन या कतार में इंतजार करते समय आस-पास के माहौल को महसूस करें, आवाजें, रंग, खुशबू पर ध्यान दें।

#### अनफोकस मोड ही है असली फोकस का आधार

मन को भटकने देना समय की बर्बादी नहीं, बल्कि मानसिक सेहत में निवेश है। जैसे शरीर को कसरत के बाद आराम चाहिए, वैसे ही मस्तिष्क को भी लगातार फोकस के बाद अनफोकस मोड की जरूरत होती है। 'अटेंशन रिस्टोरेशन थ्योरी' हमें याद दिलाती है कि कभी-कभी सबसे असरदार 'उपचार' बस थोड़ी-सी हरियाली, कुछ मिनट का सन्नाटा और मन को खुला छोड़ देना है। अगर हम यह आदत बना लें, तो न सिर्फ हमारी कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि जीवन में मानसिक संतुलन और रचनात्मकता भी लंबे समय तक बनी रहेगी।

**ध्यान संबंधी थकान**

*जब हम लंबे समय तक सिर्फ निर्देशित एकाग्रता में फंसे रहते हैं, तो 'ध्यान संबंधी थकान' हो जाती है। इस स्थिति में छोटी-सी भी ध्यान भटकाने वाली चीज हमें ज्यादा विचलित कर देती है।*

*कंटेंट: रघुवीर जांगिड*

**व्यंग्य**

## इच्छाधारी जीव: विषधारी और खद्दरधारी



विनोद कुमार विक्की
व्यंग्यकार

प्रकृति में विषधारी और खद्दरधारी दो ऐसे जीव हैं, जिन्हें इच्छाधारी होने का ईश्वरीय वरदान प्राप्त है। विषधारी अर्थात नाग के इच्छाधारी होने का प्रमाण नागमणि, नागिन, नगीना, निगाहें आदि फिल्मों के दौरान रील लाइफ में देखने को मिलता है, जबकि रियल लाइफ में खद्दरधारी अर्थात नेता के इच्छाधारी होने का प्रमाण लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनाव, पंचायत चुनाव आदि के दौरान देखने को मिलता है। ईश्वर की असीम कृपा से ही इन्हें इच्छाधारी होने का वरदान और गौरव प्राप्त है। सच पूछिए तो 'इच्छाधारी' शब्द इन्हीं दोनों प्राणियों पर जंचता और फबता है। अब इच्छाधारी लोमड़ी, इच्छाधारी मेढ़क, इच्छाधारी गधा, इच्छाधारी कुकुर, इच्छाधारी लकड़बग्घा न तो सुनने में ही अच्छा लगता और ना ही उनकी पर्सनैलिटी को सूट करता। तो चलिए, शंभु और संविधान दोनों से क्षमा मांगते हुए आज के प्रसंग में इच्छाधारी विषधारी और खद्दरधारी की तुलनात्मक समानता से आपकी सारी शंकाओं का निराकरण करने का प्रयास करता हूं। बॉलीवुड फिल्मों की मानें तो जब सौ वर्षों तक कोई विषधारी आध्यात्मिक तप करता है, तो उसमें रूप अर्थात काया बदलने की शक्ति आ जाती है। ठीक उसी तरह, पांच वर्ष के राजनीतिक तप से सांसद, विधायक अथवा पंचायत प्रतिनिधि रहने के पश्चात किसी भी खद्दरधारी में पार्टी बदलने की क्षमता और योग्यता का विकास हो जाता है। इच्छाधारी नाग दुग्धालय पर आश्रित रहता है, तो इच्छाधारी नेता मंत्रालय पर। एक बिल में रहता है, तो दूसरा विधानमंडल में। एक केंचुली बदलने के लिए प्रसिद्ध है, तो दूसरा कैरेक्टर बदलने के लिए। एक को बीन की धुन से एलर्जी है, तो दूसरे को विकास की धुन से। सपेरे की बीन के आगे पहला इच्छाधारी मौन रहते हुए गर्दन को 'ना-ना' संकेत में हिलाता रहता है, तो समस्याओं के समाधान के नाम पर दूसरा इच्छाधारी 'ना-ना' करता रहता है। इच्छाधारी नाग प्रायः मणि के लिए चिंतित रहता है, जबकि इच्छाधारी नेता मिनिस्ट्री के लिए। इच्छाधारी नाग कभी भी किसी भी स्त्री-पुरुष का मनोवांछित रूप धारण कर सकता है, तो इच्छाधारी नेता अपनी सुविधा और जनसेवा के निहितार्थ कभी भी किसी भी पार्टी की सदस्यता का त्याग और ग्रहण कर सकता है। इच्छाधारी नाग का धर्म से संबंध आध्यात्मिक होता है, जबकि वोट बैंक की खातिर इच्छाधारी नेता का धर्म से जुड़ाव राजनीतिक रहता है। इसमें दो मत नहीं कि नाग और नेता दोनों से मानवीय कल्याण की उम्मीद करना बांझ पुरुष या महिला से संस्कारी संतान की उम्मीद करने जैसा है। बहरहाल, साधारण ताप और दाब पर इच्छाधारी नाग और इच्छाधारी नेता दोनों ही मानवीय रूप में नजर आते हैं और दोनों इच्छाधारी जीव इंसानियत के लिए खतरनाक होते हैं।

**X**



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi

हमारी सरकार भारत की प्रगति में बेंगलुरु के योगदान को अत्यंत महत्व देती है और इस महान शहर के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज उद्घाटित बेंगलुरु मेट्रो की येलो लाइन आईटी क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभ पहुंचाएगी। यह प्रमुख सड़कों पर यातायात की भीड़ को कम करने में मदद करेगी।

**अमित शाह,** केंद्रीय गृह मंत्री
@AmitShah



प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी द्वारा आज बेंगलुरु में नम्मा मेट्रो येलो लाइन और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाए जाने पर कर्नाटक की जनता को हार्दिक बधाई। बेंगलुरु-बेलगावी, अमृतसर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा और नागपुर-पुणे को जोड़ने वाली तीन वंदे भारत ट्रेनें हमारे विकास की यात्रा को गति देंगी, जिससे यात्रा और अधिक स्मार्ट, तेज और कुशल बनेगी।
वहीं, बेंगलुरु में नई मेट्रो लाइन निर्बाध यात्रा को बढ़ावा देते हुए आवागमन का समय और भी कम करेगी।



**दीया कुमारी,** उप मुख्यमंत्री, राजस्थान
@KumariDiya

झण्डा गीत 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' के रचयिता, प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, पद्मश्री श्यामलाल गुप्त 'पार्षद' जी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन।

**प्रेम चंद बैरवा,** उप मुख्यमंत्री, राजस्थान
@DrPremBairwa



जैव ऊर्जा ही भविष्य की ऊर्जा है। आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रदूषण मुक्त सुरक्षित वातावरण हमारी सबसे अनुपम भेंट होगी। धरती के संरक्षण के लिए गैर-जीवाश्म ईंधनों के उपयोग को बढ़ावा देने और लोगों को इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लें।

**लेखकों से आग्रह है...**
वे 'सच बेधड़क' में प्रकाशन के लिए अपने लेख, कविता, कहानी, व्यंग्य आदि रचनाएं हमें Editor@sachbedhadakdaily.com पर ई मेल करें। साथ में रचना के अप्रकाशित होने का स्वघोषणा पत्र भी भेजें।

प्रधानमंत्री ने तीन 'वंदे भारत एक्सप्रेस' रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाई, कहा-

# दोष रहित हो हमारे उत्पादों की गुणवत्ता: पीएम मोदी

एजेंसी | बेंगलुरु

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बेंगलुरु में तीन 'वंदे भारत एक्सप्रेस' रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाई। बहुप्रतीक्षित बेंगलुरु-बेलगावी 'वंदे भारत एक्सप्रेस' को मोदी ने स्वयं हरी झंडी दिखाई तथा श्री माता वैष्णो देवी कटरा-अमृतसर और अजनी (नागपुर)-पुणे वंदे भारत सेवाओं की शुरुआत डिजिटल माध्यम से की। बेंगलुरु-बेलगावी वंदे भारत एक्सप्रेस कर्नाटक में संचालित होने वाली 11वीं वंदे भारत सेवा होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर सरकार की विभिन्न उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत के उत्पादों को 'शून्य दोष, शून्य प्रभाव' मानक का पालन करना चाहिए अर्थात उनकी गुणवत्ता दोषरहित होनी चाहिए और पर्यावरण पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं डालना चाहिए।

उभरते क्षेत्रों में अग्रणी बनने के लिए केंद्रित प्रयासों की वकालत करते हुए प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया' और विनिर्माण क्षेत्र में बेंगलुरु और कर्नाटक की उपस्थिति को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (बाएं से दूसरे) बेंगलुरु में नम्मा मेट्रो की येलो लाइन के उद्घाटन समारोह के दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया (बाएं), राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार (दाएं से दूसरे) और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर (दाएं) के साथ।*

### PM मोदी ने कर्नाटक के लिए नौ गुणा बढ़ा दिया रेल बजट: वैष्णव

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि कर्नाटक का रेल बजट 2014 से पहले के 835 करोड़ रुपए से बढ़कर नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 7,500 करोड़ रुपए हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बेंगलुरु मेट्रो की 'येलो लाइन' को हरी झंडी दिखाए जाने के बाद वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा कि कर्नाटक में 54,000 करोड़ रुपए की परियोजनाएं चल रही हैं। हम अमृत भारत योजना के तहत राज्य में 61 स्टेशनों का पुनर्विकास कर रहे हैं।

### बेंगलुरु मेट्रो रेल के तीसरे चरण की रखी आधारशिला

पीएम मोदी ने रविवार को बेंगलुरू मेट्रो रेल परियोजना के तीसरे चरण की आधारशिला रखी। इस परियोजना पर 15,610 करोड़ रुपए से अधिक की लागत आने का अनुमान है।

## मोदी सांसदों के लिए नवनिर्मित फ्लैटों का आज करेंगे उद्घाटन

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए नवनिर्मित टाइप-सात के 184 बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन करेंगे।

इस मौके पर प्रधानमंत्री आवासीय परिसर में सिंदूर का पौधा लगाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, वह इस मौके पर श्रमजीवियों से बातचीत करेंगे और उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे।

फ्लैटों का उद्घाटन 11 अगस्त को सुबह लगभग 10 बजे किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि संसद सदस्यों के लिए पर्याप्त आवास की कमी के कारण परियोजना का विकास आवश्यक हो गया था। भूमि की सीमित उपलब्धता के कारण, भूमि उपयोग को अनुकूलित करने और रखरखाव लागत को न्यूनतम करने के ध्येय से ऊर्ध्वाधर आवास विकास पर लगातार बल दिया गया है। प्रत्येक आवासीय इकाई में लगभग 5,000 वर्ग फुट का कारपेट क्षेत्र है, जो आवासीय और आधिकारिक दोनों कार्यों के लिए पर्याप्त जगह प्रदान करता है।

### आनंद शर्मा ने अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने रविवार को पार्टी के विदेश मामलों के विभाग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया ताकि इसके पुनर्गठन में मदद मिल सके और युवा नेताओं को इसमें शामिल किया जा सके। शर्मा ने लगभग एक दशक तक पार्टी के विदेश मामलों के विभाग का नेतृत्व किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को संबोधित अपने त्याग पत्र में शर्मा ने कहा, मेरे विचार से, समिति का पुनर्गठन किया जाना चाहिए ताकि इसमें क्षमतावान और प्रतिभाशाली युवा नेताओं को शामिल किया जा सके। इससे इसके कामकाज में निरंतरता सुनिश्चित होगी। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य शर्मा लगभग चार दशकों से अंतरराष्ट्रीय मामलों पर कांग्रेस का प्रमुख चेहरा रहे हैं।

### हरियाणा के झज्जर में 3.1 तीव्रता का भूकंप

**झज्जर (हरियाणा)।** हरियाणा के झज्जर में रविवार को 3.1 तीव्रता का भूकंप का झटका आया, लेकिन इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप शाम 4:10 बजे आया, जिसका केंद्र झज्जर से 7 किलोमीटर पूर्व-उत्तरपूर्व (ईएनई) में 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। सत्रह जुलाई को रोहतक जिले से सटे इलाकों में 3.3 तीव्रता के भूकंप झटके महसूस किए गए थे, जो 10 दिनों के भीतर रोहतक-झज्जर क्षेत्र में तीसरा भूकंप था। रोहतक में आए भूकंप से पहले, झज्जर के पास 3.7 तीव्रता का भूकंप आया था। इसके अलावा झज्जर में 4.4 तीव्रता का भूकंप भी आया था, जिसके झटके राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के इलाकों में महसूस किए गए थे।

निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में अतिरिक्त हलफनामा दायर किया, कहा-

# बिना पूर्व सूचना के मसौदा सूची से नहीं हटाएंगे किसी वोटर का नाम

एजेंसी | नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि बिहार में मसौदा मतदाता सूची से किसी भी मतदाता का नाम किसी पूर्व सूचना के बिना, उसे अपनी बात रखने का अवसर प्रदान किए बगैर और तर्कसंगत आदेश जारी किए बिना नहीं हटाया जाएगा। उसने यह भी कहा कि वैधानिक व्यवस्था के अनुसार, मसौदा मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए लोगों के नामों की कोई अलग सूची तैयार करना या उनके साथ ऐसी कोई सूची साझा करना या किसी भी कारण से किसी व्यक्ति को भी मसौदा सूची में शामिल नहीं करने के कारणों को प्रकाशित करना आवश्यक नहीं है।

निर्वाचन आयोग ने बिहार में बहुप्रतीक्षित मसौदा मतदाता सूची जारी करने के कुछ दिन बाद शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में एक अतिरिक्त हलफनामा दायर किया। इसके अलावा, निर्वाचन आयोग ने याचिकाकर्ता के एक आवेदन पर भी अपना जवाब दाखिल किया। इस आवेदन में उसे लगभग 65 लाख उन मतदाताओं के नामों और विवरण की एक पूर्ण एवं अंतिम विधानसभा क्षेत्र और भाग/बूथवार सूची प्रकाशित करने का निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया था, जिनके गणना फॉर्म जमा नहीं किए गए।

न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ बिहार में निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किए जाने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।



### मसौदा सूची यानी संबंधित वोटर ने गणना फॉर्म जमा करवाया

अपने अतिरिक्त हलफनामे में निर्वाचन आयोग ने कहा कि एसआईआर का पहला चरण पूरा हो गया है और मसौदा मतदाता सूची एक अगस्त को विधिवत प्रकाशित कर दी गई है। आयोग ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठा रहा है कि कोई भी पात्र मतदाता, मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। उसने कहा कि मसौदा मतदाता सूची से किसी व्यक्ति का नाम हटाए जाने का मतलब यह नहीं है कि उसका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है। मसौदा सूची से केवल यह पता चलता है कि मौजूदा मतदाताओं का विधिवत भरा हुआ गणना फॉर्म गणना चरण के दौरान प्राप्त हुआ है।

### क्या है विवाद

सूची में 7.24 करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल हैं, लेकिन 65 लाख से अधिक नामों को हटा दिया गया है। सूची से हटाए गए व्यक्तियों के बारे में आयोग ने दावा किया था कि संबंधित व्यक्तियों में से अधिकतर या तो मर चुके हैं या पलायन कर चुके हैं।

### डिप्टी सीएम सिन्हा के पास हैं दो ईपीआईसी: तेजस्वी

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के पास दो मतदाता पहचान पत्र हैं और उन्होंने पूछा कि सिन्हा के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। यादव ने पत्रकारों से कहा कि सिन्हा दो अलग-अलग जिलों के दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से मतदाता हैं। उनका नाम उसी जिले के लखीसराय विधानसभा क्षेत्र और पटना जिले के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में भी दर्ज है। यादव ने कहा कि हैरानी की बात यह है कि यह बिहार निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद हुआ है। इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, सिन्हा को या निर्वाचन आयोग को? सिन्हा के खिलाफ क्या कार्रवाई की जा रही है? इस खुलासे के बाद वह (सिन्हा) अपने पद से कब इस्तीफा देंगे?

उपराष्ट्रपति चुनाव

## विपक्ष में साझा प्रत्याशी पर आम सहमति के लिए मंत्रणा जारी

■ खरगे आज देंगे इंडिया ब्लॉक के सांसदों को रात्रिभोज



एजेंसी | नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' उपराष्ट्रपति पद के लिए संयुक्त उम्मीदवार उतारेगा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे संभावित नामों पर चर्चा करने तथा इस पर आम सहमति बनाने के लिए विपक्षी दलों से संपर्क कर रहे हैं। खरगे सोमवार को इंडिया ब्लॉक के सांसदों के लिए रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है, जब विपक्षी दल बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित चुनावी धांधली के खिलाफ एकजुट होने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्षी नेता और सांसद सोमवार को चुनाव में धोखाधड़ी मुद्दे पर संसद से चुनाव आयोग कार्यालय तक विरोध मार्च निकालेंगे।

इससे पहले इंडिया ब्लॉक के शीर्ष नेताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आवास पर रात्रिभोज के दौरान बैठक की थी और बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के साथ-साथ वोट चोरी मॉडल के खिलाफ लड़ने की शपथ ली थी।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, सभी दलों में इस बात पर आम सहमति है कि गठबंधन उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एक संयुक्त उम्मीदवार उतारेगा। हालांकि, विपक्षी खेमे के एक वर्ग का मानना है कि भाजपा द्वारा अपने उम्मीदवार की घोषणा के बाद ही 'इंडिया'गठबंधन को अपना उम्मीदवार तय करना चाहिए। जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए चार अगस्त की शाम को अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। इसलिए नए उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव हो रहा है।

दो बार मतदान का दावा: कर्नाटक के सीईओ ने जारी किया नोटिस

# राहुल गांधी को दस्तावेज साझा करने के निर्देश

एजेंसी | नई दिल्ली

कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नोटिस जारी कर उनसे वे दस्तावेज साझा करने को कहा, जिनके आधार पर उन्होंने आरोप लगाया था कि एक महिला ने दो बार मतदान किया। राज्य के शीर्ष चुनाव अधिकारी ने गांधी से कहा कि ये दस्तावेज उनके कार्यालय को विस्तृत जांच करने में मदद करेंगे। गांधी ने पिछले सप्ताह संवाददाता सम्मेलन में ये दस्तावेज दिखाए थे।

नोटिस में कहा गया है कि आपने (राहुल गांधी) यह भी कहा है कि मतदान अधिकारी द्वारा दिए गए रिकॉर्ड के अनुसार, श्रीमती शकुन रानी ने दो बार मतदान किया था। पूछताछ करने पर, श्रीमती शकुन रानी ने बताया है कि उन्होंने केवल एक बार मतदान किया है, दो बार नहीं, जैसा कि आपने आरोप लगाया है। नोटिस में कहा गया है कि सीईओ कार्यालय द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि कांग्रेस नेता द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज मतदान अधिकारी द्वारा जारी नहीं किया गया था।




### बिहार: किसी भी दल ने आपत्ति दाखिल नहीं की

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने कहा कि बिहार की मसौदा मतदाता सूची एक अगस्त को प्रकाशित होने के बाद से किसी भी राजनीतिक दल ने उसमें नाम शामिल करने या हटाने के लिए उससे संपर्क नहीं किया है। आयोग ने कहा कि मसौदा सूची एक सितंबर तक दावों और आपत्तियों के लिए उपलब्ध रहेगी, जिसके तहत पार्टियां और व्यक्ति छूटे हुए पात्र नागरिकों को शामिल करने एवं उन लोगों को बाहर करने की मांग कर सकते हैं, जिन्हें वे अयोग्य मानते हैं।



### कौंसरनाग यात्रा में राष्ट्रीय ध्वज थामे लोग

जम्मू कश्मीर के रियासी में रविवार को स्वतंत्रता दिवस से पूर्व आयोजित 'कौंसरनाग यात्रा' के दौरान राष्ट्रीय ध्वज थामे हुए लोग। कौंसरनाग जम्मू और कश्मीर में स्थित एक प्रसिद्ध धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन स्थल है। यह एक उच्च ऊंचाई वाली झील है, जो पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला में स्थित है और वेशव नदी का उद्गम स्थल है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का सभी राज्यों को परामर्श जारी

# अंग प्रतिरोपण में महिलाओं को प्राथमिकता दी जाए

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सलाह दी है कि अंग प्रतिरोपण की प्रतीक्षा सूची में महिला मरीजों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि लैंगिक असमानता को दूर किया जा सके। मंत्रालय ने यह भी सुझाव दिया है कि अंग प्रतिरोपण की प्रतीक्षा कर रहे मृत दाताओं के निकट संबंधियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ये सुझाव स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रतिरोपण संगठन (नोओटीटीओ) की ओर से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जारी परामर्श में दिए गए हैं। यह परामर्श गत दिनों 15वें भारतीय अंगदान दिवस पर अंगदान और प्रतिरोपण को बढ़ावा देने के लिए जारी किया गया था।



परामर्श में सभी ट्रॉमा सेंटर में अंग और ऊतक निकालने की सुविधाएं विकसित करने और उन्हें अंग एवं ऊतक प्रतिरोपण अधिनियम (थोटा), 1994 के तहत अंग निकासी केंद्र के रूप में पंजीकृत करने का सुझाव दिया गया है। इसी तरह, राज्यों को चरणबद्ध तरीके से अपने-अपने मेडिकल कॉलेजों में भी ऐसी सुविधाएं विकसित करने की सलाह दी गई है। परामर्श में राज्यों से कहा गया है कि सड़क दुर्घटनाओं के शिकार और मस्तिष्काघात के मरीजों में संभावित मृत दाताओं की समय पर पहचान के लिए आपातकालीन सेवाकर्मियों और एंबुलेंस कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाए तथा इस बारे में अस्पताल के अंगदान समन्वयक को सूचित किया जाए। परामर्श में राज्यों से एक ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने का सुझाव भी दिया गया है, जो जन जागरूकता गतिविधियों को बढ़ावा दे सके।

### अंगदाताओं के परिजनों को किया जाए सम्मानित

परामर्श में कहा गया है कि मृत अंगदाताओं का सम्मानजनक तरीके से अंतिम संस्कार किया जाए और उनके परिजनों को 15 अगस्त, 26 जनवरी, राज्य स्थापना दिवस आदि अवसरों पर राज्य/जिला स्तर के सार्वजनिक कार्यक्रमों में सम्मानित किया जाए।

### मृतक के निकट संबंधी को दी जाए प्राथमिकता

परामर्श में यह भी कहा गया है कि यदि किसी मृत दाता के निकट संबंधी को अंग प्रतिरोपण की जरूरत है, तो उसे प्राथमिकता दी जाए। एनओटीटीओ ने अंगदान और प्रतिरोपण कार्यक्रम में प्रतिरोपण समन्वयकों की अहम भूमिका को देखते हुए, अंग प्रतिरोपण या अंग निकासी करने वाले अस्पतालों में उनके लिए स्थायी पद सृजित करने की सिफारिश की है।

शैक्षिक सामग्री का होगा प्रसारण

## CBSE अपना सामुदायिक रेडियो स्टेशन करेगा स्थापित

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) जल्द ही अपने छात्रों, शिक्षकों और अन्य हितधारकों के लिए विशेष रूप से एक सामुदायिक रेडियो स्टेशन शुरू करेगा। इस प्रस्ताव को बोर्ड की हाल ही में हुई शासी निकाय की बैठक में मंजूरी दी गई और बैठक में लाइसेंस प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किए जाने का निर्णय लिया गया। सीबीएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सामुदायिक रेडियो लाइसेंस के लिए आवेदन तैयार करने और उस पर कार्रवाई करने के लिए हितधारकों तथा विशेषज्ञों के साथ अगले छह महीनों में परामर्श बैठकें आयोजित की जाएंगी। अधिकारी ने कहा कि लाइसेंस प्राप्त होने के बाद सामुदायिक रेडियो स्टेशन पर प्रसारित की जाने वाली सामग्री की रूपरेखा तय की जाएगी। सीबीएसई पहले से ही शिक्षा वाणी नाम के एक पॉडकास्ट का संचालन कर रहा है, जो कक्षा 9 से कक्षा 12 के विभिन्न विषयों के लिए समय पर ऑडियो सामग्री को सुस्पष्ट और सहज तरीके से प्रसारित करता है। सीबीएसई-शिक्षा वाणी 'एंड्रॉइड' फोन उपयोगकर्ताओं के लिए 'प्ले स्टोर' पर उपलब्ध है। शिक्षा वाणी ने अब तक एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार लगभग 400 सामग्री अपलोड की हैं।

## खाद्य सामग्री लेने आए 26 लोगों की गोलीबारी में मौत

**तेल अवीव।** गाजा पट्टी में रविवार को खाद्य सहायता हासिल करने के लिए कतारों में खड़े 26 फिलिस्तीनी नागरिकों की गोलीबारी में मौत हो गई। इस बीच, हमास के कब्जे में मौजूद इजराइली बंधकों के परिजनों ने गाजा पट्टी में सैन्य अभियान तेज करने की प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की योजनाओं के खिलाफ प्रदर्शन का आह्वान किया। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि उनके पास गाजा पट्टी में खाद्य आपूर्ति काफिले के मार्गों और निजी सहायता वितरण केंद्रों के पास मदद की आस में कतारों में खड़े लोगों के शव लाए गए। नासिर अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में वे 10 लोग शामिल हैं, जो नवनिर्मित मोराग कॉरिडोर के पास सहायता ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। यह कॉरिडोर दक्षिणी शहर राफा और खान यूनिस को अलग करता है।

## चीन में वरिष्ठ राजनयिक को हिरासत में लिया

**बीजिंग।** चीन में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के विदेश संबंध विभाग के प्रमुख वरिष्ठ राजनयिक लियू जियानचाओ को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। समाचार पत्र 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने रविवार एक खबर में यह दावा किया। सूत्रों के हवाले से खबर में कहा गया है कि 61 वर्षीय वरिष्ठ राजनयिक को जुलाई के अंत में विदेश यात्रा से बीजिंग लौटने के बाद पूछताछ के लिए ले जाया गया था। हालांकि, अभी तक उनकी हिरासत की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के अंतरराष्ट्रीय विभाग के मंत्री लियू को भावी विदेश मंत्री माना जा रहा है और उनके राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ घनिष्ठ संबंध हैं। लियू ने उस सीपीसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था।

## ड्रीमलाइनर विमानों के कल-पुर्जों को बदलेगी AI

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने रविवार को कहा कि वह परिचालन संबंधी व्यवधानों को कम करने के लिए अपने 26 पुराने बी787-8 ड्रीमलाइनर विमानों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और अन्य महत्वपूर्ण कलपुर्जों को बदलेगी। हाल ही में एयरलाइन को ड्रीमलाइनर सहित अपने कुछ विमानों में परिचालन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा है। एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर विमानों की जांच की गई, जिसमें ईंधन स्विच की जांच भी शामिल थी। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने पहले 'लीगेसी ड्रीमलाइनर' का नवीनीकरण शुरू किया है, जिसे जुलाई 2025 में कैलिफोर्निया के विक्टरविले स्थित बोइंग के एक संयंत्र में भेजा गया था।

### गुवाहाटी हाई कोर्ट की ईटानगर स्थायी पीठ के भवन का उद्घाटन

# न्याय शीघ्र व न्यूनतम खर्च पर मिले: गवई

**एजेंसी** | ईटानगर

प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने रविवार को कहा कि न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका का अस्तित्व केवल लोगों की सेवा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए है कि न्याय शीघ्रता से और न्यूनतम खर्च पर मिले।

उन्होंने यहां गुवाहाटी हाई कोर्ट की ईटानगर स्थायी पीठ के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करने के बाद कहा, मैं हमेशा से विकेंद्रीकरण का प्रबल समर्थक रहा हूं। न्याय लोगों के दरवाजे तक पहुंचना चाहिए। जस्टिस गवई ने कहा कि न तो न्यायालय, न न्यायपालिका, न ही विधायिका, राजघरानों, न्यायाधीशों या कार्यपालिका के सदस्यों के लिए हैं। हम सभी लोगों को न्याय देने के लिए मौजूद हैं। उन्होंने न्याय को और अधिक सुलभ बनाने के लिए गुवाहाटी उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीशों की सराहना की।



प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई।

### प्रगति संस्कृति व परंपराओं की कीमत पर नहीं

सीजेआई गवई ने कहा कि देश को प्रगति करनी चाहिए, लेकिन हमारी संस्कृति और परंपराओं की कीमत पर नहीं। संविधान के तहत इनका संरक्षण हमारा एक मौलिक कर्तव्य है। पिछले दो वर्षों में कई पूर्वोत्तर राज्यों की अपनी यात्राओं को याद करते हुए उन्होंने कहा कि वह वहां की जीवंत आदिवासी संस्कृति से मंत्रमुग्ध हो गए थे। हाल ही में संघर्षग्रस्त मणिपुर के आश्रय गृहों के दौरे का जिक्र करते हुए, प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वहां एक महिला ने मुझसे कहा, आपका अपने घर में स्वागत है। यह बात मेरे दिल को छू गई क्योंकि हम सभी के लिए भारत एक है और सभी भारतीयों के लिए भारत ही उनका घर है।

### अरुणाचल प्रदेश की विविधता में एकता को सराहा

अरुणाचल प्रदेश की विविधता में एकता की सराहना करते हुए सीजेआई गवई ने कहा कि राज्य में 26 प्रमुख जनजातियां और 100 से ज्यादा उप-जनजातियां हैं तथा सरकार ने हर जनजाति की परंपराओं एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रयास किए हैं।

### बेटियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया

## एशियाई अंडर-19 मुक्केबाजी में भारत के नाम 14 पदक

**एजेंसी** | बैंकॉक

युवा भारतीय मुक्केबाज निशा और मुस्कान ने अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीते, जबकि राहुल ने पुरुष वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने इस तरह टूर्नामेंट के अंडर-19 वर्ग में अपना अभियान 14 पदकों के साथ खत्म किया। भारतीय मुक्केबाजों ने तीन स्वर्ण के अलावा सात रजत और चार कांस्य पदक जीते। कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और चीन जैसे देशों के मुक्केबाजों की मौजूदगी में 10 में नौ भारतीय महिला खिलाड़ियों ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसमें दो स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। निशा ने 54 किग्रा वर्ग में चीन की सिरुई यांग के खिलाफ तीसरे और अंतिम दौर में अपने खेल के स्तर को ऊंचा करते हुए 4-1 से जीत दर्ज की, जबकि मुस्कान (57 किग्रा) ने आक्रामक इरादे दिखाते हुए कजाकिस्तान की अयाझान एर्मेक की चुनौती को 3-2 के खंडित फैसले से मात दी। आरती कुमारी (75 किग्रा) को चीन की टोंगटोंग गु से हार का सामना करना पड़ा।

### इंदौर में 'माधव सृष्टि आरोग्य केंद्र' का उद्घाटन, कैंसर मरीजों का होगा किफायती इलाज

# भागवत ने चिकित्सा व शिक्षा के व्यावसायीकरण पर जताई चिंता

**एजेंसी** | इंदौर (मध्यप्रदेश)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने देश में चिकित्सा और शिक्षा के व्यावसायीकरण पर चिंता जताते हुए रविवार को कहा कि दोनों महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आम लोगों को 'सहज, सुलभ, सस्ती और सहृदय' सुविधाएं मुहैया कराया जाना वक्त की मांग है। भागवत ने इंदौर में कैंसर के मरीजों के किफायती इलाज के लिए 'माधव सृष्टि आरोग्य केंद्र' के उद्घाटन समारोह के दौरान यह बात कही। यह केंद्र 'गुरुजी सेवा न्यास' नाम के परमार्थ संगठन ने शुरू किया है।

संघ प्रमुख ने कहा कि चिकित्सा और शिक्षा की सारी योजनाएं आज समाज के हर व्यक्ति की बहुत बड़ी आवश्यकता बन गई है, लेकिन दुर्भाग्य ऐसा है कि दोनों क्षेत्रों की (अच्छी) सुविधाएं आम आदमी की पहुंच और आर्थिक सामर्थ्य के दायरे से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि पहले चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्रों में सेवा की भावना से काम किए जाते थे, लेकिन अब इन्हें भी 'कमर्शियल' (वाणिज्यिक) बना दिया गया है।

संघ प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि जनता को चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्रों में 'सहज, सुलभ, सस्ती और सहृदय' सुविधाएं मुहैया कराया जाना वक्त की मांग है और ये सुविधाएं अधिक से अधिक स्थानों पर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 'व्यावसायीकरण' के कारण इन सुविधाओं का 'केन्द्रीकरण' भी हो जाता है। उन्होंने कहा कि यह कॉर्पोरेट का जमाना है, तो शिक्षा (सुविधाओं) का हब (केंद्र) बन जाता है।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत

### सक्षम और समर्थ लोगों से मदद का आह्वान

संघ प्रमुख ने देश में कैंसर के महंगे इलाज पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कैंसर के इलाज की बहुत अच्छी सुविधाएं केवल आठ-दस शहरों में मौजूद हैं, जहां देश भर के मरीजों और उनके परिजनों को बड़ी धनराशि खर्च करके जाना पड़ता है। भागवत ने आम लोगों के लिए चिकित्सा और शिक्षा की अच्छी सुविधाएं पेश करने के लिए समाज के सक्षम और समर्थ लोगों से आगे आने का आह्वान किया।

### भागवत का ओडिशा दौरा 13 से

भागवत 13 अगस्त से ओडिशा के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती से मुलाकात करेंगे और कटक में एक कार्यक्रम में भाग लेंगे।आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी सुमंत कुमार पांडा ने बताया कि भागवत 13 अगस्त की शाम भुवनेश्वर पहुंचेंगे और मंचेश्वर क्षेत्र में उत्कल बिपन्ना सहायता समिति कार्यालय में ठहरेंगे।

### भारत में सेवा धर्म की तरह, सामाजिक जिम्मेदारी होती है निभानी

भागवत ने कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) जैसे शब्द बेहद टेक्निकल (तकनीकी) और फॉर्मल (औपचारिक) हैं। सेवा के संदर्भ में हमारे यहां एक शब्द है-धर्म। धर्म यानी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाना। धर्म समाज को जोड़ता है और समाज को उन्नत करता है। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिमी देश विविधता पर विचार किए बगैर चिकित्सा क्षेत्र के अपने मानक पूरी दुनिया पर लागू करने की सोच रखते हैं, लेकिन भारतीय चिकित्सा पद्धतियों में मरीजों का उनकी अलग-अलग प्रकृति के आधार पर विशिष्ट तौर पर इलाज किया जाता है। उन्होंने कहा कि कुछ बीमारियां ऐसी हैं जिनमें एलोपैथी के जानकार भी आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज की सलाह देते हैं और इसी तरह कुछ रोगों के मामले में होम्योपैथी और नेचुरोपैथी ज्यादा कारगर मानी जाती हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि मेरा यह दावा बिल्कुल नहीं है कि कोई चिकित्सा पद्धति श्रेष्ठ या कमतर है, लेकिन मनुष्यों की विविधता को ध्यान में रखते हुए मरीजों को इलाज के सभी विकल्प उपलब्ध कराए जाने चाहिए। भागवत ने जिस 'माधव सृष्टि आरोग्य केंद्र' का उद्घाटन किया, उसमें मरीजों के लिए एलोपैथी के साथ ही आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, होम्योपैथी, एक्यूपंक्चर और न्यूरोपैथी की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### J&K के किश्तवाड़ में तलाशी अभियान शुरू

## दो आतंकियों को घेरा, रुक-रुक कर गोलीबारी जारी



विक्टर फोर्स के जनरल ऑफिसर कमांडिंग रविवार को जम्मू कश्मीर के कुलगाम के अखल इलाके में मुठभेड़ स्थल पर पहुंचे।

**एजेंसी** | जम्मू

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को दिनभर जंगल के इलाके में रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने हिज्बुल मुजाहिदीन के दो अति वांछित आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों के साथ पहला संपर्क सुबह करीब 6.30 बजे दूल इलाके के भगना जंगल में हुआ, जब आतंकवादियों ने राष्ट्रीय राइफल्स के एक तलाशी दल को देखकर गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की और दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक गोलीबारी जारी रही, जिसके बाद आतंकवादी जंगल में भाग गए। अधिकारियों ने बताया कि सेना, स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) और सीआरपीएफ के जवान घटनास्थल पर पहुंचे तथा आतंकवादियों को मार गिराने के लिए उनके संदिग्ध स्थान के आसपास की घेराबंदी को और मजबूत कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि दिन में दोनों पक्षों के बीच दो बार और गोलीबारी हुई लेकिन किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों को रियाज अहमद और मुदस्सर हजारी नामक दो स्थानीय आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी मिली थी।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से नहीं मिली यात्रा की अनुमति

## अमेरिकी दखल से अफगान विदेश मंत्री की पाकिस्तान यात्रा रद्द

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी का इस्लामाबाद दौरा रद्द हो गया है। प्रस्तावित यात्रा रद्द होने के पीछे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) द्वारा लगाए गए यात्रा प्रतिबंध को माना जा रहा है। हालांकि, राजनयिक सूत्रों ने कहा कि अमेरिका ने यूएनएससी की उस छूट को रोक दिया है, जिसके तहत मुत्तकी को पाकिस्तान की यात्रा करने की अनुमति मिलती। समाचार पत्र 'डॉन' की खबर के अनुसार, अप्रैल में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार की काबुल यात्रा के बाद शुरू हुए उच्च स्तरीय संपर्कों को बरकरार रखते हुए मुत्तकी के चार अगस्त को इस्लामाबाद आने की संभावना थी। लेकिन अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा तालिबान के नेताओं पर लगाए गए यात्रा प्रतिबंध में छूट को मंजूरी देने से इनकार कर दिया। जिसके चलते मुत्ताकी को अपनी पाकिस्तान यात्रा टालनी पड़ी। माना जा रहा है कि तालिबान सरकार की चीन के साथ बढ़ती नजदीकियों से परेशान होकर अमेरिका ने यह फैसला किया। अमेरिका नहीं चाहता कि अफगानिस्तान में चीन का दबदबा बढ़े।



आमिर खान मुत्ताकी

### उत्तरकाशी में जारी राहत व बचाव अभियान



उत्तराखंड के बाढ़ग्रस्त धराली में मलबे में लापता लोगों की तलाश का काम एसडीआरएफ के खोजी कुत्तों और 'विक्टिम लोकेटिंग' व 'थर्मल इमेजिंग' कैमरा जैसे अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से जारी है। फोटो में धराली क्षेत्र में रविवार को बचाव अभियान में जुटे बचावकर्मी।

### देश की समुद्र में ताकत और बढ़ेगी

# 'उदयगिरि'-'हिमगिरि' युद्धपोत 26 को नौसेना में होंगे शामिल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के 'उदयगिरि' और 'हिमगिरि' जंगी जहाजों का 26 अगस्त को विशाखापत्तनम में एक साथ जलावतरण किया जाएगा। 'उदयगिरि' और 'हिमगिरि' प्रोजेक्ट-17ए के तहत भारतीय नौसेना के लिए निर्मित किए जा रहे उन्नत जंगी जहाजों की श्रृंखला का हिस्सा हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये बहु-मिशन जंगी जहाज भारत के समुद्री हितों के क्षेत्र में पारंपरिक और गैर-पारंपरिक दोनों तरह के खतरों से निपटने में योगदान देने में सक्षम हैं। प्रोजेक्ट 17ए के तहत विकसित युद्धपोत मौजूदा समय में सेवारत शिवालिक श्रेणी (प्रोजेक्ट 17) के जंगी जहाजों की जगह लेंगे। 'हिमगिरि' जीआरएसई द्वारा निर्मित प्रोजेक्ट-17ए का पहला जंगी जहाज है। अधिकारियों ने बताया कि यह उपलब्धि भारत में नौसेना के तेजी से बढ़ते आधुनिकीकरण और विभिन्न शिपयार्ड से अत्याधुनिक युद्धपोतों की आपूर्ति करने की उसकी क्षमता को रेखांकित करती है। यह उपलब्धि रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहल की सफलता को दर्शाती है। नौसेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय नौसेना 26 अगस्त को अग्रिम पंक्ति के दो युद्धपोतों-'उदयगिरि' (एफ35) और 'हिमगिरि' (एफ34) को एक साथ नौसेना में शामिल करने की तैयारी कर रही है। यह पहली बार होगा कि दो प्रतिष्ठित भारतीय शिपयार्ड के दो प्रमुख लड़ाकू जहाजों का एक ही समय में विशाखापत्तनम में जलावरण किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, भारतीय नौसेना के लिए एक और बड़ी उपलब्धि यह है कि 'उदयगिरि' नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो की ओर से डिजाइन किया गया 100वां जहाज है। उन्होंने कहा कि 'उदयगिरि' और 'हिमगिरि' पहले के डिजाइन की तुलना में एक "पीढ़ीगत छलांग" का प्रतिनिधित्व करते हैं।




युद्धपोत हिमगिरि।

### सुपरसोनिक मिसाइलों से लैस हैं युद्धपोत

नौसेना प्रवक्ता ने कहा कि दोनों युद्धपोत के हथियारों के बेड़े में सतह से सतह पर मार करने वाली सुपरसोनिक मिसाइलें, सतह से हवा में मार करने वाली मध्यम दूरी की मिसाइलें, 76 मिमी एमआर गन और 30 मिमी तथा 12.7 मिमी की क्लोज-इन हथियार प्रणालियां व पनडुब्बी रोधी या पानी के अंदर मार करने वाली हथियार प्रणालियां शामिल हैं। प्रवक्ता के मुताबिक, 'उदयगिरि' और 'हिमगिरि' का जलावतरण जहाज की डिजाइनिंग और निर्माण में आत्मनिर्भरता हासिल करने की नौसेना की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

### डीजल इंजन व गैस टर्बाइन से हैं संचालित

अधिकारियों ने बताया कि लगभग 6,700 टन भार ढोने में सक्षम प्रोजेक्ट-17ए के जंगी जहाज अपने पूर्ववर्ती शिवालिक-श्रेणी के युद्धपोतों से लगभग पांच फीसदी बड़े हैं, फिर भी इनका आकार अधिक पतला है और इनके रडार की पकड़ में आने की संभावना बेहद कम है। ये जहाज डीजल इंजन और गैस टर्बाइन का इस्तेमाल करने वाले संयुक्त डीजल और गैस (सीओडीओजी) प्रणोदन संयंत्रों से संचालित होते हैं।

## इसरो अमेरिका के उपग्रह का करेगा प्रक्षेपण




**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अगले कुछ महीनों में अमेरिका निर्मित 6,500 किलोग्राम वजन वाले संचार उपग्रह का प्रक्षेपण करेगा। इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने रविवार को चेन्नई के पास कट्टनकुलथुर में एक कार्यक्रम में कहा कि 30 जुलाई को जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट के जरिए नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) मिशन के ऐतिहासिक प्रक्षेपण के बाद इसरो अमेरिका निर्मित एक और उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित करेगा।

# मिस यूनिवर्सल वूमन 2025 के ताज के लिए 'खूबसूरती' में मुकाबला



इवेंट का एक दृश्य।


वाची पारीक।


डांस की प्रस्तुति देती प्रतिभागी।

**जयपुर।** मिस यूनिवर्सल वूमन 2025 का ग्रैंड फिनाले रविवार को हुआ, जिसमें दुनिया भर से आई 39 खूबसूरत प्रतिभागियों ने तीन शानदार राउंड - स्पोर्ट्सवेयर, इवनिंग गाउन और प्रश्नोत्तर में मुकाबला किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डॉ. जगदीश चंद्र रहे, जिन्होंने इस मंच की सराहना करते हुए कहा कि यह विविधता, टैलेंट और सशक्तिकरण को वैश्विक स्तर पर सेलिब्रेट करता है। उन्होंने ग्लैमानंद ग्रुप के चेयरमैन और मिस यूनिवर्स इंडिया के नेशनल डायरेक्टर निखिल आनंद के सौंदर्य और फैशन इंडस्ट्री में उल्लेखनीय योगदान की प्रशंसा की। साथ ही यूनिवर्सल वूमन और यूनिवर्सल फैशन की सीईओ कैरोलीना लंदन के विजनरी नेतृत्व को भी सराहा, जिन्होंने इस तरह के अंतरराष्ट्रीय आयोजन को साकार किया। शाम की मेजबानी क्यूबन-कनाडाई इंटरनेशनल होस्ट और पेजेंट एनालिस्ट लुइस पोर्टेल्स ने की, उनके साथ थीं यूनिवर्सल वूमन 2023 की फर्स्ट रनरअप करिबेल पेरेज। विशेष अतिथि के रूप में यूनिवर्सल वूमन इंडिया 2024 अपेक्षा डबराल मौजूद रहीं। यूनिवर्सल वूमन 2024 (कंबोडिया) मारिया गिगांते ने मंच पर अपनी उत्तराधिकारी को क्राउन पहनाया। जूरी में कैरोलीन टेक्सेइरा, कैरोलीना लंदन, रोजर कास्टानो, अपेक्षा डबराल, रिया सिंघा और मोहिनी शर्मा शामिल रहीं।

## City इवेंट्स

### डॉ. ललित के. पंवार को मारवाड़ रत्न



**बेधड़क, जयपुर।** आईएएस (से.नि.) डॉ. ललित के. पंवार को मारवाड़ रत्न (राव सिहा) पुरस्कार से नवाजा गया। उनको यह अवार्ड वीर दुर्गादास की 387वीं जयंती पर मारवाड़ अंतरराष्ट्रीय केंद्र में आयोजित समारोह में जोधपुर राजपरिवार के गजसिंह ने प्रदान किया।

### आरना का घर पहुंचने पर किया स्वागत



**बेधड़क, जयपुर।** मिस टीन डिवा-2025 की फर्स्ट रनरअपर आरना चतुर्वेदी का रंगोली गार्डन्स स्थित उनके घर पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। आरना के परिजनों ने कहा कि उन्होंने न सिर्फ जयपुर बल्कि पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। गौरतलब है कि ग्लैमानंद ग्रुप की ओर से जी स्टूडियोज में 27 जुलाई से 3 अगस्त तक मिस टीन डिवा-2025 का आयोजन किया गया था, जिसमें 33 प्रतिभागियों ने फाइनल में कॉम्पीट किया था।

### रजत जयंती पर किए सेवा कार्य



**बेधड़क, जयपुर।** बनीपार्क धर्मार्थ संस्थान की ओर से संचालित महर्षि रमण डायग्नोस्टिक सेंटर के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह मनाया गया। समारोह में हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य ने शिरकत की। उन्होंने संस्थान के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। कार्यक्रम में पौधारोपण, गौ सेवा, रक्तदान, निशुल्क चिकित्सा शिविर, वरिष्ठजनों, डॉक्टर्स-दाताओं का सम्मान और अन्य सेवा कार्यों का आयोजन किया गया।

### तिरंगा रैली में देशप्रेम की गूंज



**बेधड़क, जयपुर।** अखिल भारतीय सर्व समाज सनातन समिति की ओर से सांगानेर विधानसभा में दुपहिया वाहन तिरंगा रैली निकाली गई। सांसद मंजू शर्मा, मेयर सौम्या गुर्जर और संत प्रकाश दास ने रैली को हरी झंडी दिखाई। समापन पर भाजपा नेता अशोक परनामी भी मौजूद रहे। मीडिया संयोजक मुकेश भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम में अध्यक्ष मेघेंद्र शर्मा, कमलेश टांक, ललित चांदकोटिया, विवेक गोयल, गिर्राज शर्मा, पारस जैन, जितेन्द्र शेखावत सहित अन्य मौजूद रहे।

### हाथोज धाम में झूला महोत्सव मनाया

**बेधड़क, जयपुर।** राधेश्याम सेवा परिवार, जयपुर की ओर से दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर, हाथोज धाम में बालमुकुंदाचार्य के सान्निध्य में झूला महोत्सव



का आयोजन किया गया। महोत्सव में भजन गायक आदित्य छीपा, महेश परमार, मनीष गार्गी, मनोज शर्मा, निरंजन सिंह और आशीष शर्मा ने प्रस्तुति दी। शाम को महाआरती के बाद प्रसादी वितरित की गई।

### जरूरतमंदों को रक्षा सूत्र का उपहार



**बेधड़क, जयपुर।** सर्व शक्ति मित्र मंडल फाउंडेशन की ओर से 'एक मुस्कान जरूरतमंदों के नाम' कार्यक्रम सिविल लाइंस के श्यामनगर मंडल के तिकोना पार्क में मनाया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्रधान संरक्षक, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी का सम्मान किया गया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष सुरेंद्र पाराशर ने बताया कि जरूरतमंद बहनों को साड़ी, चावल, बूरा, सेवई और रक्षा सूत्र उपहार में दिए गए।

### रफी-मुकेश के तरानों से बांधा समां

**बेधड़क, जयपुर।** पंजाबी समाज विकास संस्था और सिंगर मनोज मामनानी की ओर से जवाहर कला केन्द्र में बॉलीवुड सांग्ग नाइट का



आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्सेटाइल सिंगर मनोज मामनानी, धर्मेन्द्र छाबड़ा, नागेश भटनागर, डॉ. धीरज झामरिया, रजनी सिंह, रजनीश उपाध्याय, डॉ.जयंत शर्मा, नवनीत पंजाबी ने मो.रफी और मुकेश के गाए सदाबहार गीतों से समां बांध दिया। एंकर प्रिंस रुबी और फैजी खान रहे। कार्यक्रम में पंजाबी समाज विकास संस्थान के अध्यक्ष सगनलाल डोडा, उद्योगपति राजेश शर्मा, सीनियर जर्नलिस्ट सुरेश काकू आदि मौजूद रहे।

## सिटी पैलेस में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से विदेशी प्रतिनिधि मंडल ने की शिष्टाचार भेंट

# लैटिन अमेरिकी देशों के क्रिएटर्स ने जानी राजस्थान की संस्कृति


उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी विदेशी प्रतिनिधिमंडल के साथ।

**बेधड़क | जयपुर**

विदेश मंत्रालय (एमईएम) की जन कूटनीति पहल के तहत भारत भ्रमण पर आए लैटिन अमेरिकी देशों के 24 कंटेंट क्रिएटर्स ने सिटी पैलेस में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से शिष्टाचार भेंट की।

गौरतलब है कि ग्रुप में ब्राजील, मैक्सिको, अर्जेंटीना, चिली, कोलंबिया, पेरू, पनामा, कोस्टा रिका, गुयाना, सूरीनाम, त्रिनिदाद-टोबैगो और जमैका जैसे देशों के लोग शामिल थे। ये 9 से 15 अगस्त तक राजस्थान प्रवास पर हैं। इस दौरान सभी भारत की विरासत, जीवंत संस्कृति और विविधतापूर्ण जीवन शैली से रूबरू हो रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की पहलों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन संभावनाओं का प्रचार-प्रसार होता है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को राजस्थान की कला, स्थापत्य और आतिथ्य परंपरा से अवगत कराया और उनके अनुभव जानने में रुचि दिखाई।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने राजस्थान की ऐतिहासिक विरासत, रंग-बिरंगे उत्सवों और खानपान की सराहना की व डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर इन अनुभवों को साझा करने का आश्वासन दिया।


उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के साथ अभिषेक सिंह और उपेन्द्र सिंह।

### समस्याओं से मुक्ति के उपायों पर चर्चा



**बेधड़क, जयपुर।** जीतो जयपुर लेडीज विंग की ओर से भक्तामर हीलिंग अनुष्ठान का आयोजन तोतूका भवन में किया गया। वेलनेस कोच अहमदाबाद के निकुंज शेट्ठ ने अनुष्ठान के दौरान तनाव, भय, रोग, पारिवारिक कलह जैसी समस्याओं से मुक्ति के उपायों पर चर्चा की। अनुष्ठान का संचालन जीतो जयपुर लेडीज विंग चेयरपर्सन मेघना जैन, सचिव प्रेरणा रांका, आयोजन संयोजिका सुरभि बैद व अनामिका कटारिया ने किया। वहीं रिचा डागा, शालिनी लोढ़ा, एकता जैन, पारुल शाह व रेविका बगड़ा, मेघा जैन की भी भूमिका रही। चेयरपर्सन सलोनी जैन, विमल सिंघवी, देवांग शाह, देवेंद्र अजमेरा, गौरव जैन मांडोत, सुनील बक्शी व मुकेश जैन ने सहभागिता निभाई।

### MEET & GREET



**जयपुर।** भाजपा नेता डॉ. अखिल शुक्ला (एडवोकेट) ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। गौरतलब है कि शुक्ला और मुख्यमंत्री विद्यार्थी परिषद के समय के साथी हैं। उन्होंने भाजपा में साथ काम किया है।

### सतत विकास के लक्ष्यों पर वेबिनार




**बेधड़क, जयपुर।** लोक संवाद संस्थान और सस्टेनेबिलिटी कर्मा के संयुक्त तत्वावधान में सतत विकास लक्ष्यों के प्रति युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से वेबिनार का आयोजन किया गया। इसमें कई कुलपतियों, 20 से अधिक विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की भागीदारी रही। कार्यक्रम की शुरुआत कल्याण सिंह कोठारी, सह-संयोजक वॉइसेज ऑफ भारत के स्वागत संबोधन से हुई। एचजेयू कुलपति प्रो. सुधि राजीव, डॉ. मोहसिन वली (अध्यक्ष), उर्वशी प्रसाद (पूर्व निदेशक, नीति आयोग), जेरिन ओशो (निदेशक, IGSD इंडिया प्रोग्राम), प्रो. किशोर मालवीया, डॉ. राजीव छिब्बर (उपाध्यक्ष, एसएमटी) ने विभिन्न विषयों पर विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार राजीव टिक्कू ने किया।

### कलाई पर सजी बहना के 'स्नेह की डोर'


डॉ. जगदीश चंद्र को राखी बांधतीं ममता मेहता।


डॉ. जगदीश चंद्र के साथ वाग्मी जैन और भूवि जैन

बेधड़क, जयपुर। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर डॉ. जगदीश चंद्र, वरिष्ठ पत्रकार अनिल लोढ़ा के निवास पर पहुंचे और त्योहार की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. चंद्र की राखी बहन ममता मेहता ने उनका स्वागत किया। उन्होंने तिलक लगाकर राखी बांधी। इस मौके पर अनिल लोढ़ा के ग्रेंड चिल्ड्रंस वाग्मी जैन और भूवि जैन भी उपस्थित रहे।

### जैन स्टूडेंट्स ने की धार्मिक यात्रा



**बेधड़क, जयपुर।** जैन पाठशाला जनकपुरी के बच्चों व द्वादश वर्षीय पाठ्यक्रम के बड़े विद्यार्थियों के लिए रविवार को धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। पाठशाला के मुख्य संयोजक पदम जैन बिलाला व संयोजक राजेंद्र ठोलिया ने बताया कि पाठशाला के संरक्षक किरण शिखर चंद जैन के मार्गदर्शन में करीब 20 बच्चों तथा 35 बड़े विद्यार्थियों ने अतिशय क्षेत्र मोजमाबाद, आचार्य गुण सागर जी का समाधि स्थल गुणस्थली व आर्यिका सुरम्य मति माताजी ससंघ के फागी में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। फागी में राजा बाबू गोधा तथा मंदिर समिति के अध्यक्ष-मंत्री ने यात्रियों का स्वागत किया। यात्रा की व्यवस्था तारा चंद गोधा, महेश काला, सोभाग अजमेरा, अमित शाह, नीरज जैन और प्रतीक जैन ने की।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क

जयपुर, सोमवार, 11 अगस्त, 2025

10

“आपकी क्षमता आपकी सोच से बड़ी है।”

डॉ. जगदीश चंद्र,
सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ



गुजरात ने बरदा वन्यजीव अभयारण्य में मनाया विश्व शेर दिवस 2025... शेरों की संख्या बढ़कर हुई 891

# प्रोजेक्ट लायन की सफलता के पीछे पीएम मोदी का नेतृत्व: यादव

**बेधड़क** | नई दिल्ली

गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले के बरदा वन्यजीव अभयारण्य में रविवार को विश्व शेर दिवस-2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने की।

इस अवसर पर गुजरात के वन मंत्री मुलुभाई बेरा, सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने भारत में एशियाई शेरों की उल्लेखनीय वृद्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि 2020 में 674 से बढ़कर 2025 में शेरों की संख्या 891 हो गई है, जो 32% की वृद्धि है। उन्होंने इसे संरक्षण की अद्भुत सफलता बताते हुए इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाए गए प्रोजेक्ट लॉयन को दिया। यादव ने कहा कि पिछले एक दशक में शेरों की आबादी दोगुनी हुई है, जिससे वैश्विक वन्यजीव संरक्षण को नई आशा मिली है। केंद्रीय मंत्री यादव ने इस सफलता की कहानी में उनकी भूमिका के लिए प्रत्येक वन अधिकारी, वन्यजीव प्रेमी और पर्यावरण प्रेमी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जानकर खुशी हो रही है कि यह उल्लेखनीय प्रगति सामूहिक इच्छाशक्ति, समर्पण और सह-अस्तित्व पर आधारित नीतियों से ही संभव हो पाई है। यादव ने एक ऐसे विकसित भारत के निर्माण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई, जहां मानव और वन्यजीव एक साथ फल-फूल सकें तथा यह सुनिश्चित हो कि संरक्षण की गति आने वाली पीढ़ियों के लिए भी जारी रहे।




*गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले के बरदा अभयारण्य में रविवार को वन्यजीव रेस्क्यू वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, गुजरात के वन मंत्री मुलुभाई बेरा व अन्य।*

### शेरों के संरक्षण व इको-टूरिज्म के लिए 180 करोड़

इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि गुजरात, एशियाई शेरों के वैश्विक घर के रूप में अपनी भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने 180 करोड़ रुपए की लागत से नए आवास, उन्नत पशु चिकित्सा सुविधाएं और इको-टूरिज्म अवसंरचना शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि 143 साल बाद शेर बरदा क्षेत्र में लौटे हैं, जिससे पारिस्थितिक संतुलन बहाल हुआ है। कार्यक्रम में वन्यजीव रेस्क्यू वैन को हरी झंडी दिखाई गई और ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान के तहत पौधारोपण किया गया।

झुंझुनूं में पीएम फसल बीमा योजना के तहत राष्ट्रीय डीबीटी कार्यक्रम आज

# बटन दबाते ही किसानों के खाते में आएंगे 1200 करोड़

**मुख्यमंत्री भजनलाल व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रहेंगे मौजूद**

**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत झुंझुनूं में सोमवार को राष्ट्र स्तरीय डीबीटी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में एक बटन दबाकर किसानों के खातों में 1200 करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की जाएगी। इस योजना के तहत रबी सीजन 2024-25 और खरीफ सीजन 2024 की बीमा दावा राशि की पहली किश्त देशभर के किसानों के बैंक खातों में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के जरिए पहुंचाई जाएगी। अकेले राजस्थान में लगभग 27 लाख फसल बीमा धारक किसानों को इस वितरण से लाभ होगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक भी वितरित किए जाएंगे।



*मुख्यमंत्री निवास पर रविवार को पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां से संवाद करते सीएम भजनलाल शर्मा।*

### जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से मिले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री आवास पर रविवार को मेल-मुलाकात का सिलसिला देखने को मिला। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और समाज के विभिन्न वर्गों से आए लोगों से मुलाकात की। इस अवसर पर पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां, सांसद मंजू शर्मा, विधायक रामसहाय वर्मा, पूर्व विधायक मोहनलाल गुप्ता और वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र पारीक ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट की। सभी नेताओं ने मुख्यमंत्री से कई विषयों पर चर्चा की।

### अब तक 3912 करोड़ का भुगतान

राज्य सरकार के कार्यकाल में अब तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कुल 148 लाख पात्र किसानों को 3912.53 करोड़ रुपए के बीमा क्लेम का भुगतान किया जा चुका है। यह बीमा क्लेम वर्ष 2023-24 और 2024-25 की फसलों के नुकसान के आधार पर किसानों को दिया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर झुंझुनूं में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक विधायक राजेंद्र भांबू के आवास पर आयोजित की गई। इसमें भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच और भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां समेत कई पदाधिकारी शामिल हुए।

### सीएम 14 अगस्त को बीकानेर दौरे पर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 14 अगस्त को बीकानेर के दौरे पर रहेंगे। इस अवसर पर वे भारत-पाकिस्तान सीमा स्थित कोड़ेवाला पोस्ट पर जाकर बीएसएफ के जवानों से संवाद करेंगे। साथ ही बीकानेर शहर में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तहत जनसभा को भी संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे बीकानेर के पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित जनसभा में शामिल होंगे, जहां वे आजादी के समय हुए देश के विभाजन और उससे जुड़े दर्द पर अपने विचार रखेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री खाजूवाला पहुंचेंगे और वहां से कोड़ेवाला सीमा चौकी जाकर जवानों से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर पार्टी पदाधिकारियों की बैठकें लगातार जारी हैं। इसी क्रम में किसान आयोग व संभाग प्रभारी अध्यक्ष सीआर चौधरी, धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि सहित अन्य नेताओं ने बैठक कर कार्यक्रम को लेकर रणनीति तैयार की।

## बिरला ने सुनीं जनसमस्याएं



*कोटा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को संसदीय क्षेत्र प्रवास के दौरान कोटा स्थित कार्यालय पर क्षेत्रवासियों से भेंट की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित मामलों के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्र के विकास और विभिन्न जनसरोकार के मुद्दों पर भी सार्थक चर्चा हुई।*

अहमदाबाद में देवनानी का नागरिक अभिनंदन

# गुजरात-राजस्थान का रिश्ता दूध में घुली शक्कर जैसा: देवनानी



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का रविवार को अहमदाबाद के शाहिबाग स्थित तेरापंथ सभा भवन में भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकरभाई चौधरी भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान युवा मंच एवं राजस्थान सांस्कृतिक मंच द्वारा किया गया। समारोह में राजस्थान प्रांत के प्रवासी सर्व समाज के गणमान्य प्रतिनिधि, अग्रणी नेता, विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रमुखजन उपस्थित रहे और दोनों विधानसभा अध्यक्षों का पुष्पमालाओं व स्मृति चिह्न के साथ स्वागत-सत्कार किया। नगर निगम अहमदाबाद की महापौर प्रतिभाबेन जैन ने स्वागत भाषण में नगरवासियों को स्वच्छता अभियान में अहमदाबाद की उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने आगामी श्री गणेश महोत्सव के अंतर्गत मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करने की जानकारी दी और गणेश प्रतिमा भेंट कर अध्यक्ष का अभिनंदन किया।

## बेधड़क FIRST

### उदयपुर में सियासत का गजब कॉम्बिनेशन

उदयपुर के सर्किट हाउस में अनायास ही एक खास मौका बना, जब तीन प्रमुख नेता डॉ. किरोड़ीलाल मीणा, मदन दिलावर और केके विश्नोई एक ही जगह रुके। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी को जब पता चला कि ये तीनों मंत्री अलग-अलग कार्यक्रमों में आए हैं, तो उन्होंने शिष्टाचार दिखाते हुए सभी को चाय पर बुलाया। इस दौरान किरोड़ीलाल के हालिया छापों और दिलावर के बयानों को लेकर भी हल्की-फुल्की सियासी चुटकियां चलीं, जिससे माहौल में एक अलग ही जोश आ गया।

### चित्तौड़गढ़ और राजसमंद के अभयारण्यों की भागीदारी में बढ़त

राजस्थान के प्रमुख वन क्षेत्र चित्तौड़गढ़ के सीता माता अभयारण्य और राजसमंद के कुम्भलगढ़ सेंचुरी को संरक्षण के लिए प्रस्तावित स्थलों में शामिल किया गया है। पीएचवीए और डब्ल्यूआईआई की रिपोर्ट में दोनों साइटों को दर्ज किया गया है। जहां सीता माता अभयारण्य में मानव हस्तक्षेप और शिकार की समस्या बड़ी चुनौती है, वहीं कुम्भलगढ़ की भौगोलिक सुरक्षा और वन क्षेत्र बेहतर माना जा रहा है। विशेषज्ञों ने स्थानीय समुदायों को जोड़ने और साइट-विशेष पर्यावरण अध्ययन करने पर जोर दिया है। केंद्र और राज्य की समन्वित कार्ययोजना में अभी धीमी प्रगति देखी जा रही है, और यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो यह अवसर हाथ से निकल सकता है।

### बीजेपी संगठन में बड़े बदलाव के संकेत

रविवार को सियासी गलियारों में बीजेपी के संगठनात्मक मोर्चे और प्रकोष्ठों में बदलाव को लेकर चर्चा तेज हो गई है। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ बदलाव के पक्ष में हैं और नए व ऊर्जावान चेहरों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देना चाहते हैं। कुछ नामों को सूचीबद्ध कर प्रदेश प्रभारी के साथ विचार-विमर्श भी हो चुका है। माना जा रहा है कि संगठन को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए ये कदम जल्द ही उठाए जाएंगे।

### मुकुंदरा हिल्स: शेरों के लिए सबसे उपयुक्त स्थल

कोटा का मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व को शेरों के लिए राजस्थान का सबसे उपयुक्त स्थान माना जा रहा है। विशेषज्ञों का दावा है कि यहां मानव हस्तक्षेप कम है और जंगल का क्षेत्र पर्याप्त है। 2020 में राज्य वन्यजीव मंडल ने भी इस स्थान को शेरों के लिए सर्वश्रेष्ठ स्वीकार किया था। हालांकि, शिकार की कमी और जल स्रोतों की समस्या बनी हुई है। प्रोजेक्ट लायन के तहत प्री बेस बढ़ाने का प्रावधान है। केंद्र से वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धारा 12 के तहत अनुमति मिलने पर मुकुंदरा हिल्स में शेरों की दहाड़ फिर सुनाई दे सकती है।

### पर्यटन व निवेशकों की पहली पसंद बना राजस्थान

राजस्थान ‘गोल्डन ट्रायंगल सर्किट’ का हिस्सा होने के साथ विदेशी पर्यटकों का लगभग 35% आकर्षित करता है। राज्य में 9 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, डेस्टिनेशन वेडिंग, लीजर और हेरिटेज टूरिज्म का उत्कृष्ट हब है। यहां 5 टाइगर रिजर्व, 3 नेशनल पार्क और 26 सेंचुरीज मौजूद हैं। देवमाली, नौरंगाबाद और मेनार को ‘बेस्ट टूरिज्म विलेज’ का अवार्ड भी मिल चुका है। साथ ही बॉर्डर टूरिज्म, पिलग्रिम टूरिज्म और जेम्स-ज्वैलरी हब भी राज्य की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। ऐतिहासिक किले, हवेलियां और स्टेपवेल्स भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत और त्योहारों की अनूठी पहचान इसे पर्यटन के लिए और भी विशेष बनाती है।

## चुनाव आयोग पर गहलोत ने बोला हमला


**बेधड़क, जयपुर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग की कार्यशैली पर सवाल उठाने और वोट चोरी के आरोप लगाने के बाद देश की राजनीति में हलचल मच गई है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी इस मुद्दे पर हमला बोला है।

गहलोत ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर दावा किया कि राहुल गांधी ने वोटर सूची में हेरफेर और वोट चोरी के सबूत जनता के सामने रखे हैं, जिन पर देश को भरोसा है। उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा राहुल से शपथ पत्र मांगने को ‘बेहूदा’ और अपनी साख बचाने का प्रयास बताया।



गहलोत ने कहा कि 2018 में मुख्य चुनाव आयुक्त रहे ओ.पी. रावत ने स्वीकार किया था कि उनके कार्यकाल में किसी वरिष्ठ नेता के आरोप पर आयोग स्वतः संज्ञान लेकर जांच करता था और तथ्य जनता के सामने रखता था। इससे जनता का भरोसा कायम रहता था।

## शिष्टाचार भेंट



*उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से रविवार को उनके सरकारी आवास पर राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने शिष्टाचार भेंट की।*

कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी के चुनाव आयोग पर उंगली उठाने पर बोले गजेंद्र सिंह

# ‘सत्ता से बाहर रहने के कारण संतुलन खो बैठे हैं राहुल गांधी’

**बेधड़क** | जोधपुर

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर फिर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कई वर्ष सत्ता से बाहर रहने और लगातार चुनाव हारने का रिकॉर्ड बनाने के कारण राहुल गांधी अपना संतुलन खो बैठे हैं। तभी चुनाव आयोग पर इस तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं।

शेखावत ने रविवार सुबह अपने आवास पर जनसुनवाई के बाद मीडिया से बातचीत की। कांग्रेस प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी के चुनाव आयोग पर सवाल उठाने और राहुल गांधी को सही बताने से जुड़े सवाल पर शेखावत ने कहा कि राहुल गांधी ने एक प्रेस स्टेटमेंट दिया। चुनाव आयोग ने उस प्रेस स्टेटमेंट पर उनसे ऑथेंटिकेटेड डिटेल (सत्यापित जानकारी) मांगी कि आप सूचना दीजिए। शेखावत ने कहा कि चूंकि गांधी परिवार अपने आपको देश की व्यवस्था और संविधान से ऊपर मानता है, इसलिए राहुल गांधी से जानकारी कैसे मांगी जा सकती है? इसको लेकर उनके सिपहसालार सब जगह जाकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इससे ज्यादा हास्यास्पद कुछ नहीं हो सकता। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि राहुल गांधी एक तरफ खुद कह रहे हैं कि एक लाख से ज्यादा डुप्लीकेट वोट उन्होंने अपने सॉफ्टवेयर के माध्यम से आंककर निकाले हैं। इसलिए वोटर लिस्टों की जांच होनी चाहिए।

भ्रष्टाचार पर भजनलाल सरकार दिखा रही है जीरो टॉलरेंस

# बड़े अधिकारी पर चार्जशीट के जरिए कार्रवाई का पहला मामला

**राजेंद्र छाबड़ा** | बेधड़क

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंजूरी के बाद अब डीओपी भ्रष्टाचार में घिरे संबंधित आईएएस को चार्जशीट थमाने की तैयारी कर रहा है।

जानकारों के अनुसार किसी आईएएस की पेंशन रोक देने के बाद दूसरे आईएएस के खिलाफ चार्जशीट का भी संभवतः यह पहला ही मामला है। चार्जशीट इस आईएएस द्वारा श्रीगंगानगर में कलेक्टर रहते हुए भू-आवंटन में भारी अनियमितताओं को लेकर बनाई जा रही है। दरअसल, ये आईएएस पिछली कांग्रेस सरकार में श्रीगंगानगर के अलावा दो और जिलों में भी कलेक्टर रहे थे। पिछली सरकार में ही इस आईएएस का एक और कारनामा तब चर्चा का विषय बना था, जब ये एक प्रभावशाली मंत्री के अधीन एक बड़े विभाग के डायरेक्टर थे। मंत्री का इन पर वरदहस्त था। विभाग की प्रमुख सचिव से इनका टकराव भी चला था। प्रमुख सचिव के साथ फोन पर हुई एक ‘हॉट टॉक’ की इन आईएएस ने रिकॉर्डिंग भी कर ली थी। इसी दौरान मंत्री के खिलाफ प्रमुख सचिव की बातें भी रिकॉर्ड हो गई थी। इस आईएएस ने ये रिकॉर्डिंग मंत्री को सौंप दी थी। तब खफा मंत्री मुख्यमंत्री के पास जा पहुंचे थे। सिंगल ऑर्डर से प्रमुख सचिव को तुरंत हटाने का दबाव बनाया था। आखिर आईएएस की एक छोटी ट्रांसफर लिस्ट के जरिए प्रमुख सचिव का ट्रांसफर हुआ था। मात्र 10 माह में ही प्रमुख सचिव का ट्रांसफर चर्चा का विषय बन गया था। हालांकि तीन माह बाद आईएएस की भी रवानगी हो गई थी, लेकिन मंत्री के चहेते होने के कारण फिर उस सरकार में उन्हें तीन-तीन जिलों का कलेक्टर बनाया गया था। इस सरकार में अब ये आईएएस हाशिए की पोस्ट पर है।

### चार अधिकारियों के प्रमोशन का बेसब्री से हो रहा है इंतजार

अन्य स्टेट सर्विस से आईएएस में 4 अधिकारियों के प्रमोशन का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। वर्ष 2022 की वैकेंसी के बदले कुल 20 अधिकारियों के इंटरव्यू 23 व 24 जुलाई को दिल्ली में हो चुके हैं। यूपीएससी ने 4 नाम सलेक्ट कर फाइल मंजूरी के लिए पिछले माह ही जयपुर भेज दी थी। फाइल 15 दिन से पेंडिंग है। इधर, वर्ष 2023 की 4 नई वैकेंसी के बदले सलेक्शन प्रोसेस भी डीओपी में पेंडिंग है। पहले तो जयपुर में आई लगभग 50 एप्लीकेशन में से 20 नामों के चयन में ही समय लगेगा। फिर 20 नामों का पैनल दिल्ली जाएगा। वहां यूपीएससी में सलेक्शन बोर्ड इंटरव्यू लेगा। मतलब कि फिलहाल महीनों इंतजार करना होगा।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।